26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : सोमवार, 2 मार्च, 2026

अंक- 128 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

# इजरायल-अमेरिका ने 30 घंटे में 2 हजार से ज्यादा बम गिराये

## दुबई में फिर धमाके, जंग में इजराइल के खिलाफ हिजबुल्लाह भी शामिल

तेल अवीव/तेहरान (एजेंसी/चिंगारी)। इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए। इनमें अब तक 200 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 740 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं। 28 फरवरी को शुरू हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे।



इस बीच कुवैत में अमेरिका का एक फाइटर जेट क्रैश हो गया है। वहीं, दुबई में दोबारा धमाकों की खबरें सामने आईं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, एयर डिफेंस सिस्टम ने कुछ संदिग्ध ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया। यहां सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर हैं। इससे लगभग 16 घंटे पहले दुबई के पोर्ट और बुर्ज खलीफा के पास हमला हुआ था। इस जंग में अब लेबनान का उग्रवादी संगठन हिजबुल्लाह भी शामिल हो गया है। उसने इजराइल में कई जगहों पर बमबारी की है। दूसरी तरफ इजराइल ने बॉर्डर से लगे लेबनान, दहियाह और राजधानी बेरूत के 50 गांव खाली करा लिए हैं। दहियाह को हिज्बुल्लाह का गढ़ माना जाता है। 2024 में इस इलाके पर कई बार हमला हुआ था और उसके बाद भी कई बार हमले हुए। उस साल नवंबर में सीजफायर हुआ था। इजराइल पर आरोप है कि उसने समझौते का पालन नहीं किया और हमले जारी रखे। इजराइल का कहना है कि हिज्बुल्लाह फिर से हथियार जुटा रहा है और लेबनानी सरकार उसे रोकने के लिए कदम नहीं उठा रही।

## अमेरिका का फाइटर जेट कुवैत में क्रैश

## पीओके में खामेनेई की मौत पर हिंसक प्रदर्शन, पुलिस फायरिंग में 7 की मौत

**श्रीनगर (एजेंसी/चिंगारी)।** ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत के विरोध में आज पाकिस्तान के कब्जे वाला जम्मू-कश्मीर में विरोध प्रदर्शन हिंसक हो गया। गिलगित-बाल्टिस्तान में प्रदर्शनकारियों ने यूनाइटेड नेशंस के ऑफिस में आग लगा दी, जिसमें गिलगित में यूनाइटेड नेशंस डेवलपमेंट प्रोग्राम का ऑफिस भी शामिल है। वहीं, स्कर्दू में एसपी ऑफिस और कई सरकारी इमारतों में भी आग लगाई गई। पुलिस द्वारा फायरिंग की वजह से 7 प्रदर्शनकारी मारे गए, 12 से ज्यादा घायल हैं। यहां पर अस्पतालों में इमरजेंसी घोषित की गई है। गिलगित और स्कर्दू में सिक्योरिटी हाईअलर्ट पर है।

पं. उ.प्र. में सर्वप्रथम विराजित



सांवलिया सेठ
(श्याम बाबा) के
दर्शन करें।
प्राचीन शिव मंदिर
अग्रवाल धर्मशाला
रम्मू का चौराहा, बिजनौर
मो. 9927652453

होटल में स्टाफ की आवश्यकता

2. हाउस कीपींग स्टाफ सफाईकर्मी
वेतन 15000-16000/- रुपये अनुभवानुसार (दिन शिफ्ट)
योग्यता : होटल सफाई, बेडिंग और टॉयलेट सफाई, सफाई कैमिकल्स का अनुभव

2. वेटर/बेल ब्वॉय
वेतन 9000-10000/- अनुभवानुसार (दिन/रात शिफ्ट)
योग्यता : रूम सर्विस, बेडिंग, मेहमानों का स्वागत, सामान पहुंचाना

होटल रजत रेजीडेंसी रेलवे स्टेशन चौक, बिजनौर मो. 9410496747

बिना ऑप्रेशन/बिना चीर-फाड़

बवासीर PILES
भगन्दर FISTULA
फिशर FISSURE







डॉ. सुधांशु चौधरी
MS (Anorectal Surgeon)
(गुदा रोग विशेषज्ञ)
आने से पहले कॉल करें-

प्रत्येक बृहस्पतिवार बिजनौर में एवं प्रत्येक शुक्रवार बास्टा (चांदपुर) में मिलें

Mob.7302127966, 9411226422, 9871884104

सुश्रुत कोलोरेक्टल सेंटर

पता - निकट मित्तल पेट्रोल पम्प, बैराज रोड, बिजनौर

पता - श्री साईं अस्पताल बस स्टैण्ड चौराहा बास्टा तह.-चान्दपुर, जिला-बिजनौर

LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (जि. बिजनौर)
(English Medium)

आवश्यकता है

PRT - सभी विषय
TGT- अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी/संस्कृत,
PGT- अंग्रेजी

उप-प्रधानाचार्य (न्यूनतम 5 वर्ष अनुभव), खेल प्रशिक्षक, संगीत शिक्षक, स्पोकन इंग्लिश, Accountant
योग्यता- स्नातक/स्नातकोत्तर, B.Ed/D.El.Ed (जहां लागू), English Medium अनुभव व उत्तम संप्रेषण कौशल वांछनीय।
वेतन- 10,000-15,000 प्रतिमाह (योग्यता/अनुभव अनुसार)।

सीधा साक्षात्कार- 08 मार्च 2026, प्रात: 9:30 बजे
स्थान- LRD SVM इंटर कॉलेज, मण्डावर (बिजनौर से 14 किमी)
CV WhatsApp करें- 8979470625
-भूदेव सिंह, प्रबंध निदेशक

MILLENNIUM PUBLIC SCHOOL
NAJIBABAD ROAD, KOTWALI DEHAT DISTT. BIJNOR

We Are Hiring

PGT (ALL SUBJECTS)
TGT (ALL SUBJECTS)
PRT (ALL SUBJECTS)
P.T.I. (B.P.Ed/M.P.Ed)

बिजनौर से कोतवाली आने जाने के लिए ट्रांसपोर्ट सुविधा उपलब्ध है

Fluency in English is essential Experienced candidate will be preferred

Email : mpskotwali@gmail.com Send Resume on the Given Number 8958800042, 8958800019, 9634289199

# रामगंगा बांध खंड में खुल रहीं भ्रष्टाचार की परतें

## हो रही सरकारी धन की बंदरबाट



लगभग 2 लाख रुपए में पुता वाल/जाल।



8 लाख 5 हजार रुपए में मरम्मत एवं पेंटिंग हुआ टिन शेड।

**नितिन दिनेश कौशिक**

**अफजलगढ़ ( चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश सरकार के अधीन सिंचाई विभाग के रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में कथित भ्रष्टाचार की जैसे-जैसे परतें खुलती जा रही हैं, वैसे-वैसे चौकाने वाले तथ्य सामने आ रहे हैं। करोड़ों रुपये की संभावित वित्तीय अनियमितताओं से जुड़ा यह मामला विभागीय कार्यप्रणाली तथा सरकारी धन के उपयोग पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता दिखाई दे रहा है। सूचना अधिकार अधिनियम के तहत प्राप्त जानकारी के अनुसार रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में हो रहे भ्रष्टाचार का इससे बड़ा प्रत्यक्ष उदाहरण क्या हो सकता है कि एक ही स्थान पर प्रकाश व्यवस्था का कार्य दो अलग-अलग उपखंडों द्वारा कराया जाना दर्शाया गया है, जिसमें लाखों रुपये का खर्च दिखाया गया है। वहीं रामगंगा उद्यान की सफाई एवं मरम्मत के नाम पर मात्र एक वर्ष में लगभग 16 लाख रुपये व्यय दर्शाया गया है। इसके अतिरिक्त वाल एवं जाल पुताई पर करीब 2 लाख रुपये तथा 108 रोड के समीप स्थित टिन शेड की मरम्मत एवं पेंटिंग पर 8 लाख 5 हजार रुपये खर्च दिखाया जाना भी चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि फर्जी माप पुस्तिकाएं तैयार कर वहां तैनात जूनियर इंजीनियर द्वारा विभागीय अधिकारियों की कथित मिलीभगत से सरकारी धन की सुनियोजित बंदरबांट की गई तथा राजकोष के साथ गंभीर खिलवाड़ किया गया।



16 लाख रुपए में हुई रामगंगा उद्यान की सफाई/मरम्मत कार्य।

प्रथम दृष्टया उपलब्ध दस्तावेज विभागीय स्तर पर मिलीभगत एवं सुनियोजित वित्तीय अनियमितता की ओर संकेत करते हैं। करोड़ों रुपये के सार्वजनिक धन के उपयोग में इस प्रकार की कथित धांधली शासन की पारदर्शिता, जवाबदेही एवं वित्तीय अनुशासन की मंशा पर सीधा आघात मानी जा रही है। प्रदेश सरकार द्वारा भ्रष्टाचार के विरुद्ध शून्य सहनशीलता की नीति अपनाए जाने के बावजूद यदि इस प्रकार के मामले सामने आ रहे हैं तो यह संबंधित विभागीय निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े करता है। यदि हो रहे इस कथित भ्रष्टाचार की उच्च स्तर से निष्पक्ष जांच कराई जाए तो रामगंगा बांध खंड कालागढ़ में हुए कार्यों की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है। साथ ही दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सरकार द्वारा कठोर कार्रवाई किए जाने से सरकारी धन के दुरुपयोग पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है। जब इस संबंध में सिंचाई विभाग कालागढ़ के अधीक्षण अभियंता संजीव झा से बात की गई तो उन्होंने इस संबंध में कुछ भी बोलने से इंकार कर दिया।

# महिलाओं ने की होली की पूजा

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्राचीन एवं ऐतिहासिक होली महोत्सव के दौरान चंद्र ग्रहण होने के कारण नगर में आज दर्जनों स्थानों पर जहां बसंत रखा गया था, वहां आज होली लगाई गई।

इस दौरान महिलाओं ने होलिका स्थलों पर जाकर पूजा-अर्चना की और गोबर से बने हुए बुरकल्ले माला में पिरोकर चढ़ाए और सात बार परिक्रमा करते हुए परिवार में सुख-समृद्धि, शांति का वातावरण बनाए रखने की कामना की।





महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम ( पेज 13 )



# है ना कमाल की बात : चोरी हुए सामान से ढाई गुना अधिक बरामदगी

## एक लाख की नकदी चोरी का दावा, बरामदगी 2 लाख 80 हज़ार

## सर्राफा व्यापारी के यहां दामाद द्वारा चोरी करने का मामला

**नहटौर ( चिंगारी )।** सर्राफा व्यापारी के यहां हुई चोरी में चोरी हुये सामान के मुकाबले पुलिस ने ढाई गुना आभूषण बरामद किया है। नगदी भी एक लाख के स्थान पर पौने तीन लाख रुपए बरामद की गई है। सामान बरामद होने से पूर्व आम लोगों के मन में बरामदी को लेकर बन रही कहानी को पुलिस ने ही पलट दिया।

बता दें कि मोहल्ला जामा मस्जिद निवासी संतोष वर्मा के यहां पर उनके दामाद ने ससुराल वालों को नशा देकर घर में चोरी की थी। पुलिस में दर्ज कराई प्राथमिकी में सर्राफा व्यापारी संतोष वर्मा ने दावा किया था कि चोरी में 900 ग्राम सोना एवं 40 किलो चांदी के आभूषण चोरी हुए हैं। इसके अलावा एक लाख की नकदी भी चोरी होने का दावा किया था। चोरी में कुल नुकसान सवा दो करोड़ बताया था। पुलिस के खुलासे से पूर्व बरामदगी को लेकर पूरा माल न मिलने का संभावना बनी हुई थी। बताया जाता है कि पुलिस क्षेत्राधिकारी धामपुर अभय कुमार पांडे चोरी की घटना के खुलासे एवं बरामदगी को लेकर स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे थे। शनिवार को हुए पुलिस ने आरोपी दामाद के साथ-साथ चार लोगों को गिरफ्तार किया। इसके अलावा पुलिस ने उनके पास से ढाई गुना अधिक चोरी हुआ सोना 2 किलो 33 ग्राम, नकदी 2 लाख 80 हज़ार, चांदी 23 किलो 500 ग्राम बरामद की। इसके साथ-साथ पुलिस ने ढाई लाख रुपये की दो बैंक डिपॉजिट पर्ची, चार नशीली गोलियां और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल को भी बरामद किया है। ढाई गुना अधिक की पुलिस द्वारा बरामद की करने पर पूर्व में बन रही बरामद की संभावनाओं को लेकर लोगों के कयासों को धता बता दिया।

> **जो-जो सामान चोरी हुआ था, पुलिस द्वारा पूरी निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ सारा सामान बरामद किया गया है। वादी द्वारा चोरी हुए सामान को कम बताने या अधिक बताने से कोई फर्क नहीं पड़ता है।**
>
> **-अभय कुमार पांडे**

मैं राह का चराग हूं सूरज तो हूं नहीं, जितनी मेरी बिसात है काम आ रहा हूं मैं
सभी देशवासियों, जनपदवासियों एवं नगरवासियों को
मुक़द्दस रमज़ान की
दिली मुबारकबाद
वसीक अहमद
पूर्व सभासद
नगरपालिका परिषद, बिजनौर
मो. मिर्दगान बी-10, बिजनौर



बारहवां रोजा : सोमवार, 2 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:20, शिया 6:31
तेरहवां रोजा : मंगलवार, 3 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:16, शिया-5:09

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा दामाद मोहन कुमार शर्मा व मेरी पुत्री रेनू शर्मा दोनों गलत संगत में पड़ गये हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानते, इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे।- **रामानन्द शर्मा पुत्र श्री मुरारीलाल शर्मा, निवासी-मोहल्ला रामनगर कस्बा व थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

## बैठक में क्षत्रियों की एकता पर बल

**नूरपुर ( चिंगारी )।** रविवार को क्षत्रिय राजपूत समाज की एक बैठक एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता महामंत्री सुशील ठाकुर व संचालन हेमराज सिंह ने किया। बैठक का शुभारंभ वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। बैठक में क्षत्रिय राजपूत समाज के अध्यक्ष राजीव कुमार ने समाज के लोगों से एकजुट होकर कार्य करने का आह्वान किया। बैठक को एडवोकेट देशराज सिंह, सुधीर कुमार, भुवनेश कुमार,अशोक राजपूत, मास्टर भूपेंद्र सिंह व सुनील ठाकुर ने सम्बोधित किया बैठक के अंत में क्षत्रिय राजपूत समाज के ब्लाक अध्यक्ष राजीव कुमार (चौधरी बीज भण्डार) ने सभी क्षत्रिय बन्धुओं का आभार व्यक्त किया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring
Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to :manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र मोहन कुमार शर्मा व उसकी पत्नी रेनू शर्मा पुत्री रामानन्द शर्मा गलत संगत में पड़ गए हैं। वह मेरे व मेरे परिवार के साथ अभद्र व्यवहार करते हैं। मेरा व मेरे परिवार का समझाया भी नहीं मानते। इसलिये मैं और मेरा परिवार उनसे अपने सारे संबंध विच्छेद कर रहे हैं तथा अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर रहे हैं। अगर भविष्य में वह किसी भी प्रकार का कोई लेन-देन व कोई भी कृत्य करते हैं, तो वह उसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। **-शिव कुमार शर्मा पुत्र खेमचंद शर्मा, निवासी-ग्राम अथाई अहीर, थाना नूरपुर, तहसील चांदपुर ( बिजनौर )**

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट



XTREME 160 पर पायें 10,000
रुपये का कैश डिस्काउंट



फाइनेंस सुविधा भी उपलब्ध है!
आवश्यकता है शोरूम एग्जीक्यूटिव, फ्लोर सुपर वाइजर एवं कुशल मैकेनिक की
आकर्षक उपहार
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

## वैधानिक सूचना

पाठकों को सलाह दी जाती है कि चिंगारी सांध्य दैनिक में प्रकाशित किसी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया से पहले विज्ञापन में प्रकाशित किसी उत्पाद या सेवा के बारे में पूरी तरह उपयुक्त जांच-पड़ताल कर लें। यह समाचार-पत्र उत्पाद या सेवा की गुणवत्ता आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता। समाचार-पत्र ऐसे विज्ञापनों के बारे में किसी भी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा। -प्रकाशक

**भली लगे या बुरी ...**

## खेती की कीमत पर विकास!

इन दिनों देखा यह जा रहा है कि चाहे केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकारें, जमीनी सवालों के इलाज की जगह उनसे बचने की कोशिश अधिक कर रही हैं। भू उपयोग, भ्रष्टाचार और नौकरशाही को अधिक जवाबदेह बनाने जैसे मुद्दे ऐसे ही हैं। गंगा और यमुना का दोआब सदियों से देश की खेती की रीढ़ रहा है। यहां की जमीन सोना उगलती है, लेकिन विकास के नाम पर इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर खेती की जगह कंक्रीट के जंगल रोप दिए गए। भू-मालिकों को मुआवजा बांट दिया गया और हजारों बेरोजगारों की फौज खड़ी कर दी गई। इससे पहले सिंगूर, नंदीग्राम, पास्को, जैतपुर, भट्टा पारसौल आदि जगहों पर विकास के नाम पर पिछली सरकार ने उपजाऊ जमीने मिट्टी मोल ली थीं। फिलहाल देश में स्पेशल इकोनॉमिक जोन बनाए जा रहे हैं। सड़क, पुल, कॉलोनी-सभी के लिए जमीन चाहिए, वह भी ऐसी, जिस पर किसान का हल चलता हो। एकबारगी लगता है कि क्या हमारे देश में जमीन की इतनी कमी हो गई है, जो आधुनिकीकरण की योजनाओं के नाम पर देश की अर्थव्यवस्था का मूल आधार रहे खेतों को ही उजाड़ने पर मजबूर होना पड़ रहा है? विकास के नाम पर जमीन को सहेजने का काम कर रहे किसान के खेत पर सभी की नजर लगी हुई है। उपजाऊ जमीन पर सड़कों से लेकर हवाई अड्डे तक बन रहे हैं। महानगरों की बढ़ती संख्या की रिहाइश के लिए बनाई जा रही बहुमंजिली इमारते इसकी गवाह हैं। कारखानों के लिए जमीन जुटाने की फिराक में जब खेतों को उजाड़ा जाता है तो लोगों का गुस्सा भड़कता है। यदि नक्शे और आंकड़ों को सामने रखें तो तस्वीर कुछ और ही कहती है। देश में लाखों हेक्टेयर ऐसी जमीन है, जिसे विकास का इंतजार है। गौरतलब है कि देश में 32 करोड़ 90 लाख हेक्टेयर भूमि में से 12 करोड़ 95 लाख 70 हजार हेक्टेयर भूमि बंजर है। भारत में बंजर भूमि के ठीक-ठीक आंकलन के लिए अभी तक कोई विस्तृत सर्वेक्षण तो नहीं हुआ है, फिर भी केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय का फौरी अनुमान है कि देश में सर्वाधिक बंजर जमीन मध्य प्रदेश में है, जो दो करोड़ एक लाख 42 हजार हेक्टेयर है। इतना ही नहीं, मध्यप्रदेश में भूमि के नष्ट होने की रफ्तार भी सर्वाधिक है। यहां गत दो दशकों में बीहड़-बंजर दो गुने हो गए हैं।

# कम्बल से पहले नाम, इबादत से पहले इजाज़त

## क्या अब इंसान होने का भी सबूत देना होगा ?

### बच्चों को हम ये कैसा भारत सौंप रहे हैं?

-मरगूब रहमानी

**कुछ दिनों से देश की हवा में संवेदनशील लोग एक अजीब सी गंध महसूस कर रहे हैं। डर, शक और नफ़रत की ये गंध न सिर्फ हमारे भाईचारे की खुशबू को मिटा रही है, बल्कि देश की छवि को भी धूमिल कर रही है।**

**बदायूं** में एक बुज़ुर्ग सहित तीन लोगों को एक युवक दाढ़ी-टोपी देखकर पिटाई करता है।

**रुद्रपुर** में अटारिया मंदिर का प्रबंधक अरविन्द शर्मा खाली पड़े स्थान पर नमाज़ पढ़ने वाले एक मज़दूर को बेरहमी से पीट देता है।

**राजस्थान के टोंक** में ग़रीबों को कम्बल बांट रहे भाजपा के पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनापुरिया एक ग़रीब मुस्लिम महिला से उसका नाम पूछकर कंबल वापस ले लेते हैं।



**कोटद्वार** में एक बुज़ुर्ग मुस्लिम दुकानदार से दुकान का नाम बदलने को कहा जाता है।

**लखनऊ** यूनिवर्सिटी में छात्रों के नमाज़ पढ़ने को लेकर कुछ लोग हंगामा करते हैं।

**ये सब अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं, ये एक ही ज़हर की अलग-अलग शीशियां हैं। सवाल यह नहीं कि पीड़ित कौन है, सवाल यह है कि प्रताड़ित क्यों किया जा रहा है?**

क्या अब भारत जैसे देश में ठंड से ठिठूरते ग़रीबों को कंबल ओढ़ाने से पहले उनका नाम पूछा जाएगा? क्या ग़रीबी का भी कोई धर्म होता है? क्या दुकान चलाने के लिए भी पहचान बदलनी पड़ेगी? और क्या इबादत करने से पहले इजाज़त लेनी होगी?

सबसे डरावनी बात यह है कि यह सब हमारे बच्चों की आंखों के सामने हो रहा है। वही बच्चे जो कल का भारत बनाएंगे। आज वे सीख रहे हैं कि इंसान दो तरह के होते हैं- 'हम और वो।'

चिंता का विषय यह है कि यह शिक्षा किसी स्कूल में नहीं, हमारे सभ्य समाज में दी जा रही है, लेकिन खुशी और इतमीनन की बात यह है कि इसी नफ़रती अंधेरे में कुछ मुहब्बत के दीये भी जले हैं।

**कोटद्वार** में बुज़ुर्ग मुस्लिम की दुकान का नाम बदलवाने आये युवकों की उनके ही समुदाय के दीपक ने यह कहकर हिम्मत तोड़ दी कि मैं मुहम्मद दीपक बनकर बुज़ुर्ग मुस्लिम के साथ खड़ा हूं, दुकान का नाम नहीं बदलने दूंगा।

**लखनऊ** में नमाज़ पढ़ने वाले छात्रों की तब तक हिन्दू छात्रों ने खड़े होकर रक्षा की, जब तक उन्होंने नमाज़ नहीं पढ़ ली। यही नहीं बाद में हिन्दू छात्रों ने मुस्लिम छात्रों के साथ इफ्तार पार्टी भी की।

**रुद्रपुर** में पीटे गये मजदूर के साथ भी बड़ी संख्या में हिन्दू खड़े हुए और आरोपी अरविन्द शर्मा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। टोंक की लाचार मुस्लिम महिला को हिंदू-मुस्लिमों ने मिलकर इतने कंबल दिये कि अब वह दूसरे ज़रुरतमंदों को कम्बल ओढ़ा रही है।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि नफ़रती खेल खेलने वालों को चंद लोगों का समर्थन मिला, लेकिन उनका विरोध कर पीड़ितों के पक्ष में खड़े होने वालों की असंख्य लोगों ने सराहना की। इससे यह साबित होता है कि नफ़रती गंध फैलाने वाले नहीं, इंसानियत की खुशबू बिखेरने वाले लोग अधिक हैं, इनसे ही देश की पहचान है। ये वही देश प्रेमी हैं जो हमेशा कहते आये हैं-

**'नाम नहीं, इंसानियत देखो,**
**धर्म नहीं, दर्द देखो।'**

आज देश के सामने सवाल यह नहीं कि कौन किस धर्म का है। सवाल यह है कि हम किस तरह के इंसान बनते जा रहे हैं? क्या हम वह देश बनना चाहते हैं, जहां बच्चे खेलना नहीं, शक करना सीखें? जहां पहचान पासपोर्ट बन जाए? जहां इबादत अपराध लगे? और जहां इंसान होने से पहले अपना धर्म साबित करना पड़े?

**इतिहास गवाह है, जब समाज मजहब से तौला जाता है, तब लाशें गिनी जाती हैं। और जब इंसानियत से तौला जाता है, तब रिश्ते बनते हैं, मज़बूत राष्ट्र बनता है।**

आज अगर नफ़रत जीत गई, तो हार सिर्फ मुसलमानों की नहीं होगी, हार सिर्फ किसी एक धर्म की नहीं होगी, हार उस भारत की होगी, जिसने दुनिया को 'वसुधैव कुटुंबकम' सिखाया था।

**...और अगर पीड़ितों के साथ खड़े लोग जीत गए, तो समझिए देश विकास के पथ पर है।**

अब फैसला हमें करना है। हम बच्चों को क्या सौंपेंगे-डर की विरासत या भरोसे की जमीन? हम उन्हें क्या सिखाएंगे-नाम पहचानना या हर हाल में इंसान बने रहना? क्योंकि आज जो हम चुप हैं, कल वही हमारी पहचान बनेगा। और शायद आने वाली पीढ़ी हमसे पूछेगी- 'जब इंसान को मजहब से मापा जा रहा था, तब आप किस तरफ खड़े थे?'

## गोष्ठी में बिखरे काव्य के रंग

### सिडनी से आए साहित्यकार विजय कुमार सिंह को किया सम्मानित



**बिजनौर (चिंगारी)।** सिडनी (ऑस्ट्रेलिया) से पधारे साहित्यकार विजय कुमार सिंह के सम्मान में वरिष्ठ पत्रकार डॉ. पंकज भारद्वाज के संयोजन तथा सुप्रसिद्ध बाल साहित्यकार डॉ. अजय जनमेजय के संचालन में काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार अशोक मधुप ने की। अपने अध्यक्षीय उदबोधन में उन्होंने कहा कि विदेशों में रहकर भी हिंदी साहित्य की सेवा करना अत्यंत सराहनीय कार्य है। इस अवसर पर सर्वश्री राजेंद्र शर्मा, सुमन चौधरी, डॉ. अनिल चौधरी, रमेश माहेश्वरी 'राजहंस', संजीव एकल, मनोरंजन शर्मा, गिरीश त्यागी, दीप अंजुम, केके पाठक तथा विकास अग्रवाल आदि कवियों ने अपनी रचनाओं से मंत्रमुग्ध कर दिया। रंगोत्सव की उमंग से सराबोर इस काव्य संध्या में होली के गीतों और मुक्तकों ने वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इससे पूर्व अतिथि साहित्यकार विजय कुमार सिंह का सम्मान किया गया। कार्यक्रम आत्मीय वातावरण में संपन्न हुआ। अंत में कार्यक्रम संयोजक डॉ. अजय जनमेजय व डॉ. पंकज भारद्वाज ने सभी का आभार प्रकट किया।

# पालिका अध्यक्ष ने किया पथ प्रकाश व्यवस्था का लोकार्पण

## दूधिया रोशनी से जगमगाए मार्ग



**बिजनौर (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद बिजनौर द्वारा शहर की पथ प्रकाश व्यवस्था (स्ट्रीट लाइट) को सुदृढ़ और आकर्षक बनाने के अभियान के तहत विभिन्न मार्गों पर नई लाइटों का लोकार्पण किया गया। पालिका अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने फीता काटकर और लाइटें जलाकर इनका शुभारंभ किया।

नगर पालिका अध्यक्ष ने चक्कर मार्ग के पालिका सीमा क्षेत्र और बुखारा मार्ग पर लगी आधुनिक लाइटों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही स्थानीय निवासियों की शिकायत का संज्ञान लेते हुए चक्कर रोड पर पराग डेयरी से काली मंदिर तक के अंधेरे क्षेत्र को भी अब नई लाइटों से रोशन कर दिया गया है। इस अवसर पर अध्यक्ष श्रीमती इंदिरा सिंह ने कहा कि पालिका आमजन को बेहतर सुविधाएं देने के लिए संकल्पित है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिस तरह बिजनौर नगर पालिका सफाई व्यवस्था में अग्रणी है, उसी प्रकार पथ प्रकाश व्यवस्था में भी नये कीर्तिमान स्थापित करेगी।

कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी विकास कुमार, भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. बीरबल सिंह, पालिका के अवर अभियंता (जलकल) गौरव शर्मा, सिविल यशवंत सिंह, सफाई निरीक्षक गोविंद चौधरी सहित सभासद प्रभाकर, दीपक गर्ग, अमित कुमार, संजय बिश्नोई व अन्य पालिका स्टाफ मौजूद रहा।




# दारा सहित तीन कर्मचारियों को समारोहपूर्वक विदाई दी



**नगीना (चिंगारी)।** नगर पालिका परिषद नगीना के सफाई नायक महेश उर्फ दारा समेत तीन कर्मचारियों के सेवानिवृत होने पर समारोहपूर्वक विदाई दी गई। इस मौके पर चेयरपर्सन के पुत्र शेख शाहनवाज खलील ने चैक व शॉल ओढ़ाकर तथा फूलमाला पहनाकर विदाई दी। इस मौके पर समस्त पालिका स्टाफ मौजूद रहा।

नगर पालिका परिषद के प्रांगण में चेयरपर्सन पुत्र एवं नगर पालिका अध्यक्ष संघ के जिला अध्यक्ष शाहनवाज खलील की अध्यक्षता व मनोज वाल्मीकि के संचालन में आयोजित विदाई समारोह में नगर पालिका में कार्यरत महेश उर्फ दारा सफाई नायक सेवानिवृत्त हुए, हुकम सिंह सफाई कर्मचारी एवं नगर पालिका के ही टैक्स वसूली में लगे कर्मचारी महेश कुमार सेवानिवृत होने पर भव्य विदाई दी गई। कार्यक्रम को भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री अनूप वाल्मीकि, राजू अंबेडकर संरक्षक मुरादाबाद, धीरज कुमार मुरादाबाद, गौतम राणा मुरादाबाद, सुरेश सैलानी चांदपुर, अरविंद सूद, आदेश वाल्मीकि नजीबाबाद, अनिल कुमार नहटौर, कपिल पवार सभासद सभी नेताओं ने कर्मचारियों को एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष करने, अपने कार्य को ईमानदारी से करने का आह्वान करते हुए हेल्थ मैन्युअल एक्ट के अनुसार सफाई कर्मचारियों की नियुक्ति करने और रिक्त पड़े पदों पर शीघ्र भर्ती कराने की मांग की गई।

शेख शाहनवाज खलील ने कहा कि पिछले 25 वर्षों से महेश उर्फ दारा से पारिवारिक संबंध रहे हैं और हमने हमेशा कर्मचारियों को अपना परिवार माना है। उन्होंने कहा कि जब तक हम इस पद पर हैं किसी कर्मचारी का उत्पीड़न होने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि महेश उर्फ दारा सफाई नायक के साथ-साथ यूपी स्तर की मूंगरी चैंपियन ट्रॉफी अपने नाम कर नगर पालिका का नाम रोशन किया और समाज के प्रधान रहते हुए समाज की सेवा की।

# होली के मद्देनज़र अधिकारियों ने पुलिस बल के साथ किया पैदल मार्च

**झालू (चिंगारी)।** होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस-प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह एवं उपजिलाधिकारी सदर, बिजनौर रितु रानी के नेतृत्व में हल्दौर कोतवाल किशन अवतार तथा झालू चौकी प्रभारी कुलदीप कुमार ने कस्बा झालू में स्थानीय पुलिस बल के साथ गश्त एवं सघन चैकिंग अभियान चलाया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्य बाजार भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण भी किया। होलिका दहन के लिए निर्धारित स्थलों का भी जायजा लिया गया और सुरक्षा व्यवस्थाओं का परीक्षण करते हुए संबंधित जिम्मेदार लोगों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। क्षेत्राधिकारी नगर संग्राम सिंह ने स्पष्ट किया कि होली के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था, हुड़दंग या कानून व्यवस्था से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। अभियान के तहत कस्बे में स्थित देशी एवं अंग्रेजी मदिरा की दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। दुकानदारों को निर्धारित समय पर ही बिक्री करने, अवैध शराब की बिक्री से बचने तथा नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिये गये। साथ ही चेतावनी दी गयी कि नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई की जायेगी। पैदल



गश्त के दौरान उपजिलाधिकारी रितु रानी ने आमजन से संवाद स्थापित कर शांति एवं आपसी भाईचारे के साथ त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने नागरिकों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने को कहा। पुलिस प्रशासन की इस सक्रियता से कस्बे में सुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

# खुद को मृत दिखाने के लिए बेकसूर को दिया मार, चारों आरोपी गिरफ्तार

**सहारनपुर (चिंगारी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनन्दन सिंह ने रविवार को पुलिस लाईन स्थित सभागार में पत्रकार वार्ता में थाना गागलहेड़ी क्षेत्र में जली हुई कार में मिले शव के मामले का खुलासा करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी पत्रकारों को दी। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने अपने कर्जदार की हत्या कर शव को कार में जलाकर मुख्य आरोपी को मृत साबित करने की साजिश रची थी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने बताया, 25 फरवरी को ग्राम चौराखुर्द के पास सड़क किनारे एक जली हुई आल्टो कार में शव मिलने की सूचना मिली थी। जांच में कार का संबंध अर्जुन



निवासी चानचक से जुड़ा मिला, जबकि उसके भाई विजय सागर ने अर्जुन की गुमशुदगी दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर अर्जुन, रोबिन, सारिक और विजय सागर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अर्जुन ने बताया कि देहरादून में दर्ज मुकदमे से बचने के लिए उसने खुद को मृत दिखाने की योजना बनाई। इसके लिए उसने अपने कर्जदार रोहित को बहाने से बुलाकर नशा कराया और मफलर से गला घोंटकर हत्या कर दी। बाद में शव को कार में रखकर पेट्रोल डालकर आग लगा दी, ताकि यह दुर्घटना प्रतीत हो। घटना के बाद अर्जुन ने पहचान छिपाने के लिए बाल कटवा लिए और दूसरे नाम से सिम लेकर अपने भाई से गुमशुदगी दर्ज कराई।

# प्रियंका मॉडर्न स्कूल का कक्षा 9 व 11 का परीक्षा परिणाम घोषित


परीक्षा परिणाम के साथ उत्तीर्ण छात्र-छात्राएं।

## कक्षा 11 में स्नेहा चौहान व कक्षा 9 में प्रेणवी राठी रही प्रथम

**धामपुर ( चिंगारी )।** प्रियंका मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल का कक्षा 9 व 11 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने बताया कि कक्षा 11 पीसीएम ग्रुप में स्नेहा चौहान ने 95.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान व सूर्य गहलौत ने 91.8 प्रतिशत और वंशिका सैनी ने 90.3 अंक प्राप्त कर क्रमश: दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने बताया कि पीसीबी ग्रुप में जतिन चौहान ने 88.3 प्रतिशत खुशी राजपूत ने 84.9 प्रतिशत और वैष्णवी ने 81.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर क्रमश: प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त किया। कॉमर्स ग्रुप में जाह्नवी अरोड़ा ने 92.3 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि स्वास्तिकअग्रवाल ने 91.6 और परी कपूर ने 91.4 प्रतिशत अंक पाकर क्रमश दूसरा और तृतीय स्थान पाया। उन्होंने बताया कि कक्षा 9 में प्रेणवी राठी ने 94.7 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि वंश चौहान ने 94.6 और अर्जुन अहलावत ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा और तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य डीएस नेगी ने कहा कि कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर हम लक्ष्य को हासिल कर सकते हैं। इस अवसर पर तबरेज खान, एसके देवरा, रूपराज सिंह, कमल भट्ट, कर्मेंद्र चौहान, रीता राणा, किरण शर्मा, हेमा सिंह, सलोनी अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।







## युद्ध रोकने के लिए भारत सरकार से की हस्तक्षेप करने की मांग

**धामपुर ( चिंगारी )।** अमेरिका इजरायल और ईरान के बीच चल रहे तनाव एवं युद्ध की घटनाओं को लेकर क्षेत्र में शिया समुदाय के लोगों में गहरा रोष व्याप्त है। समुदाय के लोग ग्राम मिलक जहांगीराबाद में इकट्ठा होकर धामपुर आये तथा कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से भारत सरकार से अपील की गई कि, वह अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हस्तक्षेप कर ईरान और अमेरिका के बीच चल रहे संघर्ष को समाप्त करने के लिए प्रयास करें। ज्ञापन में कहा गया कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। इसे आम नागरिकों की जान माल को भारी खतरा होता है। शिया समुदाय के लोगों ने युद्ध विराम और शांति वार्ता शुरू करने के लिए सरकार से मांग उठाई। ज्ञापन सोपते समय वक्ताओं ने कहा कि, शांति बनाने के लिए सभी देशों को संयम रखना चाहिए और आपसी विवादों का समाधान आपसी भाईचारे के माध्यम के,माध्यम से करना चाहिए। उन्होंने भारत सरकार से आग्रह किया कि अपने स्थापना के लिए पहल करें। ज्ञापन देने वालों में सुहेल हैदर, चांद मिया, रियाज अहमद, शहजाद अली, अब्बास, शेर अली, सज्जाद अली आदि शिया समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## वैश्य समाज की महिलाओं ने आयोजित किया होली मिलन



**धामपुर ( चिंगारी )।** स्थानीय वैश्य समाज महिला द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सबने जमकर नृत्य किया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। राम रेजिडेंसी में आयोजित कार्यक्रम में कई सरप्राइज गेम भी खेले गए, जिसमें ताऊ जी में अनुपम, पारुल, सरप्राइज गेम में प्रेरणा गोयल, नीतू, प्रियंका, प्रिया अग्रवाल आदि विजयी रहीं। डांस प्रस्तुति में अनुज, पारुल, रोमा, पूजा आदि ने भाग लिया और विजयी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ कृष्ण के होली के भजन से हुआ, जिसमें सब ने नृत्य कर समां बांध दिया। कार्यक्रम में रश्मि अग्रवाल, मीना, अनीता, वंदना, प्रेरणा, पारुल गुप्ता, मोनिका गुप्ता आदि शामिल रहीं। कार्यक्रम का संचालन अनुपमा गोयल द्वारा किया गया।


कार्यकारिणी की घोषणा करते हुए राहुल सैनी।

## शोभायात्रा के लिये कमेटी का गठन

**धामपुर ( चिंगारी )।** सिवहारा चुंगी स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ माता द्रोपदी देवी मंदिर समिति द्वार चैत्र मास के नवरात्रों के दौरान निकाली जाने वाली 92वीं मां भगवती शोभायात्रा आयोजन समिति का गठन कर इसकी घोषणा कर दी गई है। कार्यकारिणी में अध्यक्ष-राहुल सैनी (आढ़ती), महामंत्री-सनी सैनी (लाइट वाले), कोषाध्यक्ष-सोनू सैनी (आढ़ती) को बनाया गया है। सभा में फूल सिंह सैनी, डॉ. राज सैनी, बोबी सैनी, सुमेंद्र सैनी, हरीशचंद सैनी, नरेंद्र सैनी, लाखन सैनी, सुशील प्रधान, गौरव सैनी, प्रशांत सैनी, उज्वल सैनी, बाला सैनी, कार्तिक सैनी, ईशू सैनी, अभय सैनी उपस्थिति रहे। सभा की अध्यक्षता आचार्य रामानंद ने की तथा संचालन सूर्यवंशी शिवम सैनी (संस्थापक, राष्ट्रीय सूर्यवंशी सैनी संगठन) ने किया।

## छम-छम नाचे वीर हनुमाना, जिसे कहते हैं राम का दीवाना..



**धामपुर ( चिंगारी )।** नगीना रोड स्थित साकेत विहार कॉलोनी में सुधीर गुप्ता के आवास पर श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा सात बार सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। उसके बाद भजनों के माध्यम से बजरंगबली बाबा का गुणगान किया गया।

भजन छम छम नाचे वीर हनुमान जिसे कहते हैं राम का दीवाना यह भजन सबको खूब पसंद आया। अंत में फूलों की पंखुड़ियां से सबने जमकर होली खेली। अंत में श्रीमद् हनुमत भक्ति प्रचार मंडल द्वारा आयोजक परिवार को श्री राम दरबार का चित्र भेंट कर सम्मानित किया गया। आयोजक परिवार में सुधीर गुप्ता, कविता गुप्ता, रिशांक गुप्ता, मनीषा अग्रवाल, वैभव अग्रवाल, मौली गुप्ता, कार्तिक गुप्ता, महिपाल सिंह आदि शामिल रहे। श्रीमान हनुमत भक्ति प्रचार मंडल से मनोज रस्तौगी, प्रीतम सैनी, राम प्रकाश वर्मा, मास्टर सुनील सिंह, संदीप भारद्वाज, शोभित अग्रवाल, विजयपाल सिंह, हरीश कारीगर, सर्वेश गिरि आदि शामिल रहे। अंत में आरती कर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया।

# नौकरी दिलाने के नाम पर पति-पत्नी ने चार लाख ठगे, रिपोर्ट दर्ज

**बिजनौर ( चिंगारी )। नजीबाबाद निवासी एक युवक ने दंपति पर नौकरी लगवाने के नाम पर चार लाख रुपये ठगने का आरोप लगाया है। एसपी के आदेश पर शहर कोतवाली पुलिस ने दंपति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।**

आदर्श नगर गली बी-6, नजीबाबाद निवासी मोहित कुमार का आरोप है कि उसकी मुलाकात शांतिनगर चक्कर रोड निवासी संदीप कुमार और उसकी पत्नी सरिता से हुई थी। मोहित के अनुसार, उसने सिविल कोर्ट स्टाफ में आवेदन किया था, तभी आरोपियों ने उससे संपर्क कर आशुलिपिक पद पर नियुक्ति दिलाने का भरोसा दिया।

मोहित का कहना है कि पति-पत्नी ने बताया कि इस पद के लिए 15 लाख रुपये खर्च होंगे, लेकिन शुरुआत में उससे चार लाख रुपये ले लिए गए। आरोप है कि 13 अक्तूबर 22 को 25-25 हजार रुपये यूपीआई के माध्यम से सरिता के खाते में डलवाए गए। इसके बाद 8 दिसंबर 22 को 20 हजार रुपये, 11 दिसंबर को 99 हजार रुपये और 13 दिसंबर को 30 हजार रुपये ट्रांसफर कराए गए। पीड़ित का कहना है कि दो लाख रुपये यूपीआई से और दो लाख रुपये नकद दिए गए।

पीड़ित के मुताबिक काफी समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगी तो उसे ठगी का एहसास हुआ। जब उसने 13 जनवरी 25 को रुपये वापस मांगे तो उसके साथ अभद्रता की गई और रकम लौटाने से इनकार कर दिया गया। मोहित का कहना है कि उसने धमकी भी दी कि वे किसी से नहीं डरते। मोहित का आरोप है कि जब वह आरोपियों के घर शिकायत लेकर गया तो उनके परिजनों ने भी अभद्र व्यवहार किया। पीड़ित की तहरीर पर थाना शहर कोतवाली बिजनौर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शहर कोतवाली थानाध्यक्ष रामप्रताप सिंह का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है। तथ्यों के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

सभी क्षेत्रवासियों को मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद



ठाकुर मूलचंद चौहान
पूर्व राज्यमंत्री
( उत्तर प्रदेश सरकार )
समाजवादी पार्टी 20 विधानसभा क्षेत्र, धामपुर

बारहवां रोजा : सोमवार, 2 मार्च 2026
इफ्तार सुन्नी- 6:20, शिया 6:31
तेरहवां रोजा : मंगलवार, 3 मार्च 2026
खत्म सहरी : सुन्नी- 5:16, शिया-5:09

# इनरव्हील क्लब ने उत्साहपूर्वक मनाया होली पर्व

## रेशू अग्रवाल चुनीं गईं तीज क्वीन



**चांदपुर ( चिंगारी )।** इनरव्हील क्लब का चांदपुर आरोही द्वारा होलिका पर्व बड़े ही उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली पर्व की बधाई दी। कार्यक्रम में रेशू अग्रवाल को होली क्वीन का ताज पहनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब प्रेसिडेंट नीलिमा त्यागी एवं जिला आइसो नीरू गुप्ता के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में गीत संगीत एवं नृत्य एवं फूलों की होली का आयोजन किया गया। मेजबान टीम के द्वारा विशेष प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। इस कार्यक्रम में रेशू अग्रवाल को होली क्वीन का ताज पहनाया गया। क्लब अध्यक्ष नीलिमा त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि होली आपसी भाईचारे एवं सौहार्द का प्रतीक है, इसलिए सभी को सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल ही होली मनानी चाहिए। कार्यक्रम में पूनम तोमर, रेनू जैन, अंशुल अग्रवाल, प्रिंसा बस्सी, लीना शर्मा, नीलम गुप्ता, पूजा बंसल, राखी गुप्ता, शिल्पा मित्तल, भारती अग्रवाल, अंजू त्यागी, ममता वैश्य, नमीता अग्रवाल, विनीता सिंह, मुक्ता सिंह, ज्योति अग्रवाल, शिवी अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# छात्रवृत्ति के लिए चार बच्चों का चयन



**हरेवली ( चिंगारी )।** केन्द्र सरकार द्वारा चलायी जा रही राष्ट्रीय छात्रवृत्ति योजना में हरेवली न्याय पंचायत के चार बच्चों का चयन होने से बच्चों के परिवार व विद्यालय स्टाफ में खुशी का माहौल है। हरेवली न्याय पंचायत के विद्यालय आराजी कदला कम्पोजिट से शिवानी पुत्री विजयपाल सिंह, प्रियांशु पुत्र विजय पाल तथा कम्पोजिट विद्यालय बाजिदपुर से कार्तिक कुमार पुत्र भीम सिंह तथा उ.प्र. विद्यालय महापुर परमावाला से अमन पुत्र चमन सिंह का चयन हुआ है। ज्ञातव्य है राष्ट्रीय आय छात्रवृत्ति के अन्तर्गत कमजोर वर्ग के मेधावी छात्रों को माध्यमिक व उच्च माध्यमिक शिक्षा पूरी करने के लिए यह छात्रवृत्ति सीधे बच्चों के खाते में डीबीटी के माध्यम से प्रतिवर्ष रुपए 12 हजार भेजी जाती है। यह छात्रवृत्ति चयनित छात्र को कक्षा 9 से 12 तक की पढ़ाई पूरी करने के लिए दी जाती है। इस छात्रवृत्ति के लिए इन छात्रों का चयन होता जो आर्थिक रूप से कमजोर, लेकिन मेधावी हों। परीक्षा के दो भाग होते हैं। मानसिक योग्यता परीक्षण व शैक्षणिक अभिरूचि परीक्षण। खंड शिक्षा अधिकारी अफजलढ़ प्रेम सिंह राणा ने सभी चयनित बच्चों व विद्यालय स्टाफ को बधाई दी है तथा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# कारी शकील का इंतेकाल

## 58 साल की उम्र में दिल का दौरा पड़ने से मौत



**सहसपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला सराय कला निवासी कारी शकील (58 वर्ष) का अचानक हृदय गति रुकने से देहांत हो गया। कारी शकील करीब 33 साल से सहसपुर के प्रसिद्ध प्राचीन मदरसा मारिफ उल उलूम में अध्यापक और मस्जिद अंसारियान में इमाम थे और बहुत ही नेकदिल, सज्जन इंसान थे। जनाब कारी शकील ने अपनी आवाज़ से सहसपुर ही नहीं पूरे प्रदेश में अपनी पहचान बनाई थी और दूर-दूर दीनी मजलिसों में नात शायरी और कुरान की तिलावत के लिए जाने जाते थे। लोग उनकी आवाज़ सुनकर मंत्रमुग्ध हो जाते थे और दूर-दूर से उनके कलाम सुनने के लिए आते थे। परिजनों ने बताया अचानक रात में उनको सांस आने में दिक्कत हुई और कुछ ही देर में देहांत हो गया। मदरसा मारिफ उल उलूम के सदर मुफ्ती अकील साहब ने कहा उनका जाना हमारे मदरसे और सहसपुरवासियों के लिए एक बहुत बड़ा नुकसान है, जिसकी भरपाई नहीं की जा सकती। कारी शकील का एक शेर देखिये- 'जिसकी शाहे उमाम से है वाबस्तगी नाज़ करती है, उस शख्स पर ज़िंदगी सीरत-ए-मुस्तफा का असर देखिए, बादशाहों में भी आ गई सादगी।'

# हिन्दी ओलम्पियाड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र सम्मानित



**चांदपुर ( चिंगारी )।** जेपी पब्लिक स्कूल धनौरा रोड चांदपुर का अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड परीक्षा 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक, रजत पदक व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। ओलंपियाड परीक्षा में कक्षा 5 से श्रेयांश व कक्षा 6 से अलीशा ने स्वर्ण पदक, सिदरा व यश ने रजत पदक, कक्षा 8 से पारस सैनी ने स्वर्ण पदक, गौरी ने रजत पदक, कक्षा 9 से मिस्कत ने स्वर्ण पदक, रुद्राक्ष शर्मा ने रजत पदक, कक्षा 10 से तुलीका ने रजत पदक, रेनू ने रजत पदक, अश्वनी ने स्वर्ण पदक प्राप्त हासिल किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य विनीत तोमर ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा अन्य विद्यार्थियों को भी भविष्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में सीनियर कोऑर्डिनेटर नवनीत चौधरी व जूनियर विंग कोऑर्डिनेटर रूपा त्यागी, हिन्दी अध्यापक नवनीत कुमार शर्मा व अनुपम अग्रवाल का भी विशेष योगदान रहा।

# खामेनेई की मौत पर शिया समुदाय ने विरोध प्रदर्शन कर शोक जताया



दरगाह पर खामेनेई की तस्वीरें हाथों में लेकर विरोध जताते शिया।

नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम जोगीरमपुरी में इजरायल व अमेरिका की संयुक्त कार्रवाई में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत पर शिया समुदाय ने शोक जताते हुए विरोध प्रदर्शन किया। रविवार को दरगाह ए आलिया नजफे हिन्द जोगीपुरा में बड़ी संख्या में शिया मुसलमानों ने सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने खामेनेई की तस्वीरें हाथ में लेकर नारेबाजी कर उनके निधन पर शोक जताया। इस दौरान लोगों ने अपनी छाती व कमर को जंजीर से पीटकर अपना विरोध दर्ज कराया तथा इजरायल व अमेरिका के खिलाफ नारे लगाए। प्रदर्शन में शामिल लोगों का कहना था कि खामेनेई की हत्या की गई है, यह कार्रवाई धोखे से की गई। उनका आरोप था कि इस घटना के लिए जिम्मेदार लोगों ने विश्वासघात किया है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि एक खामेनेई के जाने के बाद भी उनके विचार जिंदा रहेंगे। शिया धर्मगुरु मौलाना सैयद शबाब नकवी सिरसी सम्भल ने इस घटना को आतंकवादी हमला करार दिया। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई ने खाड़ी क्षेत्र को अस्थिर कर दिया है, हालात लगातार बिगड़ रहे हैं। मौलाना ने आरोप लगाया कि अमेरिका व इजरायल की नीतियों से दुनिया में तनाव व हिंसा बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि खामेनेई केवल ईरान के नेता नहीं थे, बल्कि वे दुनिया भर के वंचित व उत्पीड़ित लोगों की आवाज थे। इस मौके पर मौलाना फिरोज नकवी, उरूज आलम चौधरी, सिरत चौधरी, नय्यर अब्बास, शब्बन प्रधान, शाहवेज आदि काफी लोग मौजूद रहे।

## कालोनीवासियों ने विधायक से समस्याओं के समाधान की मांग की

नजीबाबाद (चिंगारी)। अदब सिटी कालोनी ग्राम पंचायत अलीपुरा हरिद्वार रोड के निवासियों का एक प्रतिनिधिमंडल अपनी विभिन्न समस्याओं के समाधान के लिए नजीबाबाद विधायक हाजी तसलीम अहमद से मिला तथा समस्याओं के निराकरण की मांग की। जिस पर हाजी तसलीम अहमद ने शीघ्र ही उक्त समस्याओं के निराकरण का वादा किया है। विधायक ने कालोनी के दो चौराहों पर शीघ्र ही सोलर लाइटें लगवाए जाने व कालोनी की टूट चुकी सड़क के स्थान पर नई सडक का निर्माण अतिशीघ्र कराने का पूर्ण आश्वासन दिया। इस अवसर पर विधायक द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों जैसे कि हरिद्वार बाईपास के निर्माण की स्वीकृति लाना आदि की सराहना की गई। प्रतिनिधिमंडल में नवाब वारसी, मास्टर तनवीर अहमद, वाहिद जमाल, डॉ. सैय्यद महफूज अली, जुल्फिकार अहमद एड., मास्टर इफ्तिखार अहमद, शाहिद अहमद भट्टे वाले शामिल रहे।



## भाकियू देव शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने संगठन का किया विस्तार



मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। भारतीय मजदूर किसान यूनियन देव शक्ति के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन कुमार ने संगठन के विस्तार एवं मजबूती के उद्देश्य से महत्वपूर्ण नियुक्तियों की घोषणा की। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मंडावली क्षेत्र के कांठपुर निवासी संदीप उपाध्याय को राष्ट्रीय महासचिव, मंडावली निवासी सोमपाल उपाध्याय को जिला प्रभारी तथा अंकित पाल को जिला महासचिव के पद की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि संगठन मजदूरों व किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। नई टीम के गठन से संगठन की गतिविधियों को गति मिलेगी व जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूती मिलेगी। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त करते हुए संगठन की नीतियों को जन-जन तक, पहुंचाने तथा मजदूरों व किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का आश्वासन दिया।




कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल–प्रथम
मेरठ।

ई–प्रोक्योरमेन्ट अल्पकालीन निविदा सूचना संख्या– 07/एस0ई0/2025–26

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्य की ऑनलाइन प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल एवं फाइनेंशियल बिड htpp://etender.up.nic.in के माध्यम से सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 12.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं। यह निविदा दिनांक 06.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे से दिनांक 12.03.2026 की अपरान्ह 12.00 बजे तक उपरोक्त वैबसाइट पर अपलोड की जा सकती है। प्री–क्वालीफिकेशन/टेक्नीकल बिड दिनांक 12.03.2026 को अपरान्ह 1.00 बजे निर्धारित समिति द्वारा अद्योहस्ताक्षरी के कक्ष में ऑनलाइन खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

प्री–क्वालीफिकेशन बिड में क्वालीफाई घोषित ठेकेदारों की फाइनेंशियल बिड दिनांक 13.03.2026 को अपरान्ह 12.00 बजे खोली जायेगी। कार्यालय बन्द होने या अवकाश होने की स्थिति में यह बिड अगले कार्यालय दिवस में उसी समय खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर/ जमानत राशि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिकारी का पता | | मुख्य अभियन्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद बिजनौर में गंगा नदी पर निर्मित चौ0 चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के बायें अफलक्स बंध पर कि0मी0 4.000 से कि0मी0 4.350 के मध्य कटाव निरोधक कार्यो का निर्माण। | 1034.00 | 20.68 | 90 दिवस | रू0 300.00 + 18 % G.S.T + रू0 2000 स्टेशनरी चार्ज | "एए" एवं ऊपर | अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड–5, बिजनौर | अधीक्षण अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल–प्रथम, मेरठ। | मुख्स अभियन्ता, मध्य गंगा नहर परियोजना सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़। |
| 2 | जनपद बिजनौर में गंगा नदी पर निर्मित चौ0 चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के बायें अफलक्स बंध के कि0मी0 5.350 से कि0मी0 5.700 के मध्य पूर्व निर्मित 03 नं0 स्टड के क्षतिग्रस्त भाग की पुनर्स्थापना के कार्य। | 341.00 | 6.82 | 90 दिवस | रू0 300.00 + 18 % G.S.T + रू0 2000 स्टेशनरी चार्ज | "ए" एवं ऊपर | अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड–5, बिजनौर | अधीक्षण अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल–प्रथम, मेरठ। | मुख्स अभियन्ता, मध्य गंगा नहर परियोजना सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़। |
| 3 | जनपद बिजनौर में गंगा नदी पर निर्मित चौ0 चरण सिंह मध्य गंगा बैराज के बायें अफलक्स बंध के कि0मी0 4.400 से कि0मी0 4.800 के मध्य पूर्व निर्मित 03 नं0 स्टड के क्षतिग्रस्त भाग की पुनर्स्थापना एवं 01 नं0 नवीन स्टड निर्माण के कार्य। | 631.00 | 12.62 | 90 दिवस | रू0 300.00 + 18 % G.S.T + रू0 2000 स्टेशनरी चार्ज | "एए" एवं ऊपर | अधिशासी अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण खण्ड–5, बिजनौर | अधीक्षण अभियन्ता, मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल–प्रथम, मेरठ। | मुख्स अभियन्ता, मध्य गंगा नहर परियोजना सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0, अलीगढ़। |

नोट:– जी0एस0टी0 रू0 54/– एवं निविदा मूल्य रू0 300.00 व स्टेशनरी चार्जरू0 2000/– कुल रू0 2354/–को **up e-tender online Account (through e-tender portal by Internet Banking only.)**जमा कराना होगा।

यह निविदा/बिड व शर्तें आदि सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट (http://upgovt.nic.in)तथा सिंचाई विभाग की वेबसाईट (http://www.irrigation.up.in, http://www.idup.upgovt.in) पर उपलब्ध है। वेबसाईट से ड्राईगं उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता के कार्यालय में देख सकेगें तथा निविदा प्रपत्र के साथ भी संलग्न रहेगी, ताकि शासन की मंशा के अनुसार मितव्ययिता बनी रहे।

R.O.No. 247200 Date: 01-03-2026
UPID.www.upgov.nic.in

(अनुराग अग्रवाल)
अधीक्षण अभियन्ता
मध्य गंगा नहर निर्माण मण्डल–प्रथम,
मेरठ।

# नगीना के श्री बालाजी धाम में हुआ भव्य होली रंगोत्सव

## बालाजी के सैकड़ों सेवादारों ने गुरु जी के साथ मिलकर जमकर खेली होली

### बालाजीमय हो गया वातावरण

**नगीना ( चिंगारी )**। श्री बालाजी धाम में रात्रि श्रद्धालुओं ने जमकर होली खेली। श्रद्धालुओं ने बालाजी दरबार में खूब गुलाल उड़ाया। सैकड़ों सेवादारों ने दरबार में होली रंगोत्सव के दौरान गद्दी धारी गुरुजी सचिन अग्रवाल (डिंपल) के साथ मिलकर जमकर होली खेली। सेवादार पूरी रात बाबा के रंग में सराबोर होकर धार्मिक भजनों पर झूमते नजर आए।

प्रसिद्ध बड़ा मंदिर श्री मुक्तेश्वरनाथ स्थित श्री बालाजी धाम प्रांगण में गुरुजी सचिन अग्रवाल व सैकड़ों सेवादारों द्वारा भव्य होली रंगोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम देर रात तक चला। बालाजी की आरती के बाद उन्हें प्रसाद का भोग लगाया गया। भजन संध्या में मौजूद सभी सेवादारों ने एक-दूसरे के साथ जमकर होली खेली और बालाजी की तस्वीर पर भी रंग लगाते हुए सभी सेवादार भक्त रात भर बालाजी के भजनों पर नाचते गाते रहे और एक-दूसरे पर जमकर गुलाल व पुष्प वर्षा की। बालाजी के भजनों की गूंज से नगर का वातावरण बालाजीमय हो गया। इस मौके पर सेवादार अतुल भारद्वाज, अंकित अग्रवाल, प्रभात पिंटू सैनी, घनश्याम सैनी, शीतांशु अग्रवाल, बिजेंद्र सिंह, शिवम, अमित गुप्ता, नितिन अग्रवाल, रोहित गुप्ता समेत सैकड़ों की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



नगीना के बड़ा मंदिर में स्थित श्री बालाजी धाम में आयोजित होली उत्सव कार्यक्रम में गुरु जी सचिन अग्रवाल को गुलाल लगाते श्रद्धालु।



भजन संध्या में हिस्सा लेते श्रद्धालु व भोग लगाते गुरु जी सचिन अग्रवाल।

## मुख्यमंत्री के दरबार पहुंची वन विभाग के रेंजर व डिप्टी रेंजर की शिकायत

**स्योहारा ( चिंगारी )**। पिछले दिनों वायरल हुई डिप्टी रेंजर विजय भारत की मान-सम्मान मांगने की आडियो का मामला मुख्यमंत्री के दरबार पहुंच गया है, जहां पीड़ित ने प्रार्थना-पत्र देकर डिप्टी रेंजर विजय भारत व रेंजर शुशांत गुप्ता पर पैसे लेने का आरोप लगाया है। ज्ञात हो कि सोशल मीडिया पर मान-सम्मान की ऑडियो वायरल होने के बाद पीड़ित ने मुख्यमंत्री दरबार में शिकायती पत्र देकर डिप्टी रेंजर व रेंजर पर 17 हजार रू. लेने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र में पीड़ित ने कहा है कि उसके दादा की अराजी में आम का बाग खड़ा है, जिसमें फल रहित पेड़ों को काटने के लिए आवेदन किया था। उद्यान विभाग द्वारा केवल 17 पेड़ों को रोगग्रसित पाया और अनुमति दी, जिसके बाद रेंजर ने रिपोर्ट लगाने के बदले डिप्टी रेंजर से मिलने को कहा, जिस पर डिप्टी रेंजर को फोन किया तो मान-सम्मान मांगा और मिलने के लिए वन चौकी स्योहारा बुलाया। पीड़ित ने एक हजार रू. के हिसाब से 17 हजार रुपये दिये और पेड़ों को कटवाया। अब उसने भ्रष्ट अफसरों की शिकायत करते हुए मुकदमा दर्ज करने के साथ-साथ अपनी दी रकम भी वापस करने की मांग की। पीड़ित ने बताया कि उसके द्वारा प्रधान वन मुख्य संरक्षक, मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, वन एवं पर्यावरण मंत्री के पास शिकायती पत्र भिजवाकर दी गयी रकम व भ्रष्टाचार में लिप्त अफसरों पर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। जब इस विषय में डीएफओ से जानकारी करनी चाही तो फोन नहीं उठा।

## हादसे में मामा का पैर कटा, भांजा भी जख्मी

**नूरपुर ( चिंगारी )**। रविवार देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार मामा-भांजा गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में एक व्यक्ति का पैर कट गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल बिजनौर रैफर किया गया है। घटना कल शाम करीब छह बजे नूरपुर में नहटौर चौराहे के पास इंडेन गैस एजेंसी के सामने हुई। क्षेत्र के गांव गोहावर हल्लू निवासी चारु सैनी (35) पुत्र पन्नू सिंह अपने भांजे राहुल सैनी (10) के साथ बाइक से नहटौर से घर लौट रहे थे। राहुल अमरोहा जनपद के धनौरा थाना क्षेत्र का निवासी है। इसी दौरान उनकी बाइक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में चारु सैनी का एक पैर कट गया, जबकि राहुल भी गंभीर रूप से घायल हो गया।

## होली पर किया संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम

**नगीना ( चिंगारी )। हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा होली पर्व के मौके पर संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलाकारों ने अपनी मधुर आवाज के द्वारा पहले गीत सुनाए तथा बाद में जमकर होली खेली।**

धामपुर मार्ग स्थित एक होटल के सभागार में मशहूर अभिनेत्री माला सिन्हा को समर्पित संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम का शुभारंभ सुशील गुप्ता, संरक्षक शीतल अग्रवाल व अध्यक्ष डॉक्टर बिश्नोई द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत में सोसाइटी की संरक्षिका पुष्पा लाहोटी द्वारा कार्यक्रम के विशेष अतिथि क्रमशः डॉ.बी.के. सिंह, डॉ. आदित्य अग्रवाल एवं रंजीत सिंह (धामपुर) सहित उपस्थित सदस्यों को गुलाल लगाकर व टोपी पहनाकर उनका स्वागत किया गया। इसके बाद सोसाइटी के गायकों क्रमशः साक्षी सैनी, के.के.बिश्नोई, अमन कुमार, जितेन्द्र सैनी, स्वाति अग्रवाल, ईश्वर राज, अल्पिका अग्रवाल सहित मेहमान कलाकारों क्रमशः अलका अग्रवाल (रामपुर), कमल कुमार (देहरादून) व मधु सिंह ने जब मशहूर अभिनेत्री माला सिन्हा के गीतों को सुनाया तो श्रोताओं को उनका गुजरा ज़माना याद आ गया। खुशी गुप्ता, सुशील गुप्ता व स्वाती जैन द्वारा होली के गीतों के साथ फूलों की भी होली खेली गई। नोएडा से आई बाल कलाकार समृद्धि माहेश्वरी के नृत्य ने श्रोताओं का दिल जीत लिया। निर्णायक मंडल में शामिल कृष्ण अग्रवाल, पुष्पा लाहोटी एवं सी.के.सिंह ने माला सिन्हा के गेटअप में आने के लिए डॉ. अंजू बिश्नोई व आशा माहेश्वरी को संयुक्त रूप से विजेता घोषित किया। विशेष अतिथियों क्रमशः डॉ.बी.के. सिंह व डॉ.आदित्य अग्रवाल को सुशील गुप्ता, शीतल अग्रवाल (संरक्षक) व डॉ.अंजू बिश्नोई (अध्यक्ष) द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किए गए। मिनाक्षी मलिक, सुशील गुप्ता एवं डॉ. अंजू बिश्नोई के संयुक्त कुशल संचालन में आयोजित कार्यक्रम में ऋतु गर्ग, प्रदीप गर्ग, गौरव बिश्नोई, अनिल थापन, सुमन थापन, खुशी अग्रवाल, शलभ अग्रवाल, कंचन अग्रवाल, विशाखा मित्तल, नीतू मित्तल, नेहा जैन, निकिता जैन, विनिता गुप्ता, काजल गुप्ता, डॉ. राजेंद्र मलिक, शोभित माहेश्वरी व अदिति माहेश्वरी (नोएडा) राजकुमार बिश्नोई, राहुल कुमार आदि उपस्थित रहे।



हलचल म्यूजिकल सोसाइटी द्वारा आयोजित संगीतमय होली मिलन कार्यक्रम में हिस्सा लेते कलाकार।



करणी सेना के कार्यक्रम का दृश्य।

## करणी सेना ने मनाया होली उत्सव

**धामपुर ( चिंगारी )। क्षत्रिय करणी सेना द्वारा श्रीमती प्रीति के निवास स्थान धामपुर पर होली सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और आपसी भाईचारे के साथ एक-दूसरे को रंग लगाकर होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम के दौरान ठाकुर रितिक चौहान ( प्रदेश उपाध्यक्ष, उत्तर प्रदेश ) द्वारा जयवीर सिंह सिसोदिया को पश्चिम उत्तर प्रदेश का प्रभारी नियुक्त किया गया। वहीं रमन कुमार को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन को और मजबूत बनाने का आह्वान किया। इस मौके पर शोभा राजपूत ( जिला अध्यक्ष, महिला मोर्चा ), निर्देश राजपूत ( जिला संगठन मंत्री, बिजनौर ), भावेश, प्रीति, हिमंचल लता हेमलता, ठाकुर सचिन चौहान, दीपक गहलोत, महेंद्र सिंह, मंजू देवी, पूनम देवी, रमन कुमार, रीता देवी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।**

# खामनेई की मौत पर शिया समुदाय के लोगों ने किया प्रदर्शन




**शेरकोट ( चिंगारी )।** इजराइल और अमेरिका द्वारा किये गए हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई की मौत पर शिया समुदाय के लोगों ने जोरदार प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम सम्बोधित चार सूत्रीय ज्ञापन थानाध्यक्ष को दिया।

सुप्रीम लीडर खामनेई के शहीद होने की आधिकारिक पुष्टि होने से रविवार को लोगों में शोक व्याप्त हो गया। इस मामले को लेकर शाम चार बजे मौहल्ला खुराड़ा सादात स्थित इमामबाड़ा में एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें शिया समुदाय के सैकड़ों महिलाओं–पुरुषों और बच्चों ने भाग लिया। सभा में मौलाना हैदर रज़ा और अन्य वक्ताओं ने इजरायल और अमेरिका की इस कायराना हरकत की कड़े शब्दों में निंदा की। उन्होंने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप जुल्म रोकने के नाम पूरी दुनिया में आशांति फैला रहा है, जबकि हकीकत ये है कि डोनाल्ड ट्रंप और नितनयाहू सबसे बड़े जालिम और आतंकवादी हैं। इन्होंने पूरी दुनिया में मासूमों का कत्लेआम कर अशांति पैदा कर दी है। उन्होंने कहा जो व्यक्ति या देश जुल्म ज्यादती के विरुद्ध आवाज उठाता है अमेरिका और इजरायल उसी का दुश्मन बन जाता है। उन्होंने कहा कि अयातुल्लाह खामनेई ने हक और सच के लिए शहादत दे दी, लेकिन जालिमों के आगे नहीं झुके।

सभा के बाद मौलाना हैदर रज़ा की अगुवाई में जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया गया। जुलूस मुहल्ले में घूमने के बाद इमामबाड़ा पहुंचकर सम्पन्न हुआ। हाथों में काले झंडे और नारे लिखी तख्तियां लेकर चल रहे प्रदर्शनकारियों ने 'एक से बढ़कर एक ज़लील, अमेरिका और इजरायल' और अमेरिका मुर्दाबाद, इजरायल मुर्दाबाद आदि नारे लगाए।

इस दौरान थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार को महामहिम के नाम एक चार सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इस मौके एतेशाम जैदी, ज़मन हैदर, आज़म जैदी, शबी हैदर, अरसलान जैदी, निसार हैदर, सरकार जैदी, हादी जैदी, सलीम रजा, सालीम रज़ा, सलमान अख्तर, मोहसिन जैदी, अहिल रणा, मौ. जैन, मौ. अर्श, मौहम्मद जैदी, मौ. इस्तेखार, फैजान जैदी, आशु जैदी, नकी जैदी, जमाल जैदी, अफजाल जैदी, कमाल जैदी, सुहेल जैदी, मौ. समद, रामन जैदी, मौ. वली, शान मौहम्मद, मौहम्मद शकीर, बुन्दु जैदी, राशीद जैदी, शुऐब जैदी, महमुद, शवेज, मौ. शरीक, मौ. शकील, मौ. जावेद, मौ. आसिफ, मौ. इबराज, मो. फाज़ील आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## अब अमेरिका के अंत का समय आ गया- क़ाज़ी

बिजनौर ( चिंगारी )। सामाजिक चिंतक क़ाज़ी ज़ियाउर्रहमान ने अमेरिका और इज़राइल के द्वारा यूरेनियम की खातिर रमज़ान में किए गए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए इसे विश्व युद्ध की शुरुआत बताया। उन्होंने कहा कि ईरान हमेशा भारत का अच्छा दोस्त रहा है और अमेरिका कभी किसी का दोस्त नहीं हो सकता, क्योंकि उसके डी.एन.ए. में दोस्ती, मोहब्बत, वफादारी है ही नहीं। वो तो सिर्फ हथियारों का सौदागर है। इस कायरतापूर्ण हमले में एक ऐसा शेर शहीद हो गया, जो 86 साल की उम्र में जब लोग उठकर पानी भी नहीं पी पाते हैं, पूरे होश और जुर्रत के साथ बातिल की आंख में आंख डालकर खड़ा रहा, न थका, न डर और न किसी से मदद मांगी, अपनी कौम और मुल्क के लिए कुर्बान हो गया। अमेरिका ग़लतफ़हमी में है कि अयातुल्ला ख़ामेनेई को मारकर उसके नापाक मंसूबे पूरे होंगे। अब अमेरिका का अंत होने का समय आ गया है, अब विश्व युद्ध अपरिहार्य है। मौत तो एक दिन सभी को आनी है, लेकिन ऐसी शहादत जिससे करोड़ों लोगों को अफसोस हो अयातुल्ला ख़ामेनेई ने साबित कर दिया कि वो इस ज़माने के सुपर हीरो हैं।



# बच्चों को नशे से दूर रखें : मलिक

### मेधावी छात्रों व खिलाड़ियों को सम्मानित किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** हरियाणा के पूर्व पुलिस महानिदेशक डॉ. एम एस मलिक ने कहा कि आने वाली पीढ़ी को गौरवशाली विरासत और संस्कृति से परिचित कराया जाना चाहिए। बच्चों को नशे शराब, गुटखा, धूम्रपान आदि से हमेशा दूर रहना चाहिए। यह उदगार उन्होंने काकरान वाटिका में संस्कृति एवं सभ्यता पर केंद्रित 37वां वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। उन्होंने मेहनत को सफलता की कुंजी बताते हुए खेल के साथ खेतों में फसल लहलहाने का आह्वान किया। दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के पूर्व मुख्य प्रबंध निदेशक डॉ. मंगू सिंह ने प्रोद्यौगिकी क्षेत्र के विस्तार पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नयी खोजों और संसाधनों के विस्तार के चलते हमारे जीवन में बहुत बदलाव आया है। महाराष्ट्र के पूर्व पुलिस महानिदेशक संदीप बिश्नोई ने खेतों में भूकार्बनिक तत्वों के घटते स्वरूप पर प्रकाश डाला। उन्होंने स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए सीमित मात्रा में जैविक खेती पर बल दिया। राज्य सूचना आयुक्त राजेन्द्र सिंह ने सोशल मीडिया के दुष्प्रभावों से अवगत कराते हुए सजग रहने का आह्वान किया। उन्होंने सभी टैक्नोलॉजी का सही उपयोग करने पर बल दिया। भगवन्त ग्रुप के चेयरमैन डॉ अनिल सिंह ने अध्यक्षीय संबोधन में शिक्षा पर बल दिया। कार्यक्रम संयोजक सुरेश आर्य के संचालन में सम्पन्न सम्मेलन को मध्य प्रदेश से रामनारायण चौधरी, अमन सिंह, डॉ. प्रमोद देशवाल, आर के मलिक चण्डीगढ़ ने सम्बोधित किया। सम्मेलन में मेधावी छात्रों और एमबीबीएस डॉक्टर, खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। सम्मेलन में अनेक प्रदेशों से प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने खेला क्रिकेट मैच




### आदमपुर मण्डल टीम ने नगर मण्डल को हराया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** लंबे अरसे बाद भाजपा कार्यकर्ताओं ने क्रिकेट की पिच पर रोमांचकारी मैत्री मैच का आनंद लिया। नेहरू स्टेडियम, बिजनौर में आदमपुर मंडल क्रिकेट टीम और नगर मंडल क्रिकेट टीम के बीच खेले गए क्रिकेट मैच में जोश, जुनून और एकता की भावना देखने को मिली।

आयोजक वरिष्ठ भाजपा नेता मौसम चौधरी ने कहा कि आज के व्यस्त जीवन में खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर और सकारात्मक सोच का माध्यम भी है। खेल आपसी भाईचारे, टीम भावना और ऊर्जा को मजबूत करते हैं।

मण्डल आदमपुर की टीम के कप्तान मण्डल अध्यक्ष पुष्पराज कमल एवं मण्डल बिजनौर टीम के कप्तान नगर अध्यक्ष अंकुर गौतम के नेतृत्व में 20 ओवर का मैच हुआ। नगर टीम ने 20 ओवर में 161 रन बनाए। मण्डल आदमपुर टीम के गोपाल धीमान ने आखिरी बॉल और आखिरी विकेट पर चौका मारकर अपनी टीम को जीत दिलायी। शानदार मैच के लिए दोनों टीमों के सभी खिलाड़ियों ने एक-दूसरे को बधाई और शुभकामनाएं दीं। अगला मैत्री मैच मंडावर मण्डल टीम और मोहम्मदपुर देवमल मण्डल टीम के बीच 8 मार्च रविवार को होगा।

# होली के टोटके लाए जीवन में खुशहाली



होली का रंगारंग पावन पर्व प्रत्येक वर्ष चान्द्रमास के अनुसार फाल्गुन शुक्लपक्ष की पूर्णिमा तिथि के दिन हर्ष, उमंग व उल्लास के साथ मनाने की मान्यता है। प्रख्यात ज्योतिषविद् श्री विमल जैन ने बताया कि इस बार पूर्णिमा तिथि आज, 2 मार्च, सोमवार को सायं 5 बजकर 57 मिनट पर लगेगी, जो कि 3 मार्च, मंगलवार को सायं 5 बजकर 08 मिनट तक रहेगी। भद्रा होने से होलिका दहन करने की मान्यता नहीं है, लेकिन भद्रपुच्छ में होलिका दहन करने की धार्मिक मान्यता है। इस बार आज, 2 मार्च, सोमवार को रात्रि 01 बजकर 22 मिनट से भद्रपुच्छ का समय प्रारम्भ हो जाएगा, जिसमें शुभ मुहूर्त में होलिका दहन करना मंगलकारी रहेगा।

## होलिका दहन का शुभ मुहूर्त : भद्रा पुच्छ में रात्रि 1 बजकर 22 मिनट के पश्चात

1. व्यापार व नौकरी में लाभ- होलिका दहन की रात में 21 गोमती चक्र लेकर शिवलिंग पर चढ़ा दें।

2. मनोकामना की पूर्ति- होली पर गरीबों को भोजन अवश्य कराएं।

3. सौभाग्य प्राप्ति- श्री हनुमानजी का दर्शन-पूजन (होली से शुरु करके) के पश्चात बजरंग बाण का पाठ 40 दिन तक नियमित रूप से करें।

4. अक्षय पुण्य की प्राप्ति- होलिका दहन के समय होलिका की 7 बार परिक्रमा करें।

5. सुख-समृद्धि परिवार के प्रत्येक सदस्य को होलिका दहन में घी से भिगोई हुई दो लौंग, एक बताशा और एक पान का पत्ता अवश्य चढ़ाना चाहिए। साथ ही होली की 11 परिक्रमा करते हुए होली में सूखे नारियल की आहुति देनी चाहिए।

6. शीघ्र विवाह- होली के दिन सुबह एक पान के पत्ते पर एक साबूत सुपारी और हल्दी की गांठ लेकर शिवलिंग पर चढ़ाएं और बिना मुड़कर देखें घर आ जाएं। अगले दिन भी यही प्रयोग करें। सम्भव हो तो विवाह होने तक इस उपाय को जारी रखें।

7. बकाये धन की प्राप्ति- होली के दिन 11 गोमती चक्र हाथ में लेकर जलती हुई होलिका की 11 बार परिक्रमा करते हुए धन प्राप्ति की प्रार्थना करें। एक सफेद कागज पर उस व्यक्ति का नाम लाल चंदन से लिखें, जिससे पैसा लेना है, फिर उस सफेद कागज को 11 गोमती चक्र के साथ कहीं गड्ढा खोदकर दबा दें।

8. धनहानि से बचाव- होली के दिन घर के मुख्य द्वार पर गुलाल छिड़कें और उस पर दोमुखी दीपक जलाएं। दीपक बुझ जाए तो उसे होली की अग्नि में डाल दें।



9. आर्थिक लाभ- एक काला कपड़ा लें और उसमें काले तिल, 7 लौंग, 3 सुपारी, 50 ग्राम सरसों और थोड़ी सी मिट्टी लेकर एक पोटली बना लें, फिर इसे अपने ऊपर से 7 बार वार लें और होलिका दहन में डाल दें। 7 नींबूओं की माला बनाएं और भैरव जी के मन्दिर में चढ़ाएं।

10. धन लाभ—भवन के मुख्य द्वार की चौखट पर गुलाल छिड़ककर उस पर दो मुखी देशी घी के आटे का दीपक प्रज्वलित करें। दीपक ठंडा होने के पश्चात उसे जलती हुई होलिका पर रख दें।

11. अनावश्यक खर्च में कमी— होलिका की राख/भस्म को लेकर उसे लाल रुमाल में बांधकर पैसों के स्थान पर रखें।

12. रोजगार प्राप्ति- होली की रात 12 बजे से पहले एक नींबू लेकर चौराहे पर जाएं और उसके चार टुकड़े कर चारों दिशाओं में फेंक दें। फिर वापिस घर आ जाएं, किंतु ध्यान रहे, वापिस आते समय पीछे मुड़कर न देखें।

13. गृह-क्लेश से मुक्ति- होलिका की अग्नि में जौ का आटा चढ़ावें।

14. बाधा का निवारण- होली की रात सरसों के तेल का चौमुखी दीपक घर के मुख्य द्वार पर जलाकर भगवान से सुख-समृद्धि की प्रार्थना करें।

15. नजर-दोष से मुक्ति—होलिका की राख घर लाकर उसमें थोड़ी सी राई व नमक मिलाकर रखें।

16. नकारात्मक शक्ति से बचाव- जब होली जल जाए, तब आप होलिका की थोड़ी-सी अग्नि लाकर घर के आग्नेयकोण में उस अग्नि को तांबे या मिट्टी के पात्र में रखें। सरसों के तेल का दीपक जलाएं।

17. बुरी नजर से रक्षा- अपने हाथों से गोबर के कंडे बनाएं और इन कंडो को बहनें अपने भाई के ऊपर से 7 बार वार लें। इसके बाद ये कंडें होलिका दहन में डालें।

18. राहुदोष से मुक्ति- एक नारियल का गोला लेकर उसमें अलसी का तेल भर दें। उसी में थोड़ा सा गुड़ डालें और इस गोले को जलती हुई होलिका में डाल दें।

19. अज्ञात भय का निवारण- होली पर एक सूखा जटा वाला नारियल, काले तिल व पीली सरसों एक साथ लेकर उसे सात बार अपने सिर के उपर से उतार कर जलती होलिका में डाल देने से अज्ञात भय समाप्त हो जाता है।

20. शत्रुओं से छुटकारा- होलिका दहन के समय 7 गोमती चक्र लेकर भगवान से शत्रु-मुक्ति के लिए प्रार्थना करके जलती होलिका में डाल दें।



21. आरोग्य लाभ- होलिका की रात्रि में 4 गोमती चक्र अपने दायें हाथ में लेकर होलिका की 1 परिक्रमा करें, इसके साथ ही 2 लौंग पान के 2 पत्ते और थोड़ी सी मिश्री होलिका में अर्पित करें तथा 4 गोमती चक्र लाकर बीमार व्यक्ति के पलंग या बिस्तर के चारों ओर रख दें। इससे बीमार व्यक्ति को स्वास्थ्य लाभ मिलना प्रारम्भ हो जाता है।

**-ज्योतिर्विद् श्री विमल जैन**
**मो. : 09335414722**

# अब ना वे टोली, ना ही वैसी होली

## ..जब रात के अंधेरे में सूखी पत्तियां इकट्ठी करने तथा सूखे पेड़ काटने को निकल पड़ती थीं युवाओं की टोलियां

**रुकन राजपूत**

**नांगल सोती ( चिंगारी )। होलिका दहन के लिये रात को खेतों से गन्ने की सूखी पत्तियां इकट्ठा करके लाने वाली और सड़कों के किनारे खड़े सूखे पेड़ काटकर डालने वाली टोलियां अब विलुप्त हो गई हैं। ये टोलियां लोगों के उपले, लकड़ियां और छप्पर तक उठाकर होली पर रख दिया करती थीं। अब गांवों में चंदा एकत्रित करके सूखी लकड़ियां लाकर होलिका दहन किया जाता है।**

कभी गांवों में होलिका दहन सामग्री एकत्रित करने के लिये युवाओं की टोलियां होली के त्यौहार से कई दिन पूर्व सक्रिय हो जाती थीं। युवाओं की ये टोलियां देर शाम, रात को खेतों में जाती थीं और गन्ने की सूखी पत्तियां इकट्ठी करके होलिका दहन स्थल पर लाकर डालती थीं। ये टोलियां सड़कों, नहर के किनारे खड़े सूखे पेड़ भी होलिका दहन के लिये काट लाया करती थीं। किसी ग्रामीण के खेत में खड़ा सूखा पेड़ भी काट लाते थे। गांवों की महिलाओं द्वारा गाय, भैंसों के गोबर से तैयार उपलों के बिटौरों से उपले निकालकर होली पर डाल दिये जाते थे।



होलिका दहन सामग्री इकट्ठा करने वाली युवाओं की टोलियां किसी व्यक्ति की लकड़ियां उठा लाती थीं, तो किसी का छप्पर ही उठा लाती थीं। खेतों पर फसलों की रखवाली के लिये बनाई गई झोपड़ियां तो मुश्किल से बचती थीं। लोग अपने उपलों, लकड़ियों, खेतों में बनी झोपड़ियों की रखवाली किया करते थे। युवाओं की टोलियों में अपने गांव, मुहल्ले की होली पड़ोस से ऊंची करने की होड़ मची रहती थी। इस होड़ में टोलियां देर रात तक दहन सामग्री इकट्ठी करती रहती थीं, लेकिन अब युवाओं की ऐसी टोलियां विलुप्त हो गई हैं और शायद अब किसी के उपले, लकड़ियां या अन्य सामान उठाकर होली पर रख दिया जाये, तो मामला थाने तक पहुंच जायेगा। पहले दहन सामग्री इकट्ठा करने वाली टोलियां ग्रामीणों का काफी नुकसान कर देती थीं, मगर कोई थाने में शिकायत करने नहीं जाता था। कई बार लोग छप्पर, उपले, लकड़ियां उठा लेने पर इन टोलियों को बुरा-भला तो कहते थे, मगर मामला पुलिस तक नहीं जाता था। लोग मानते थे कि होली पर ये शरारतें चलती हैं। लेकिन अब गांवों का माहौल बदल चुका है। गांवों में गुटबाजी बन गये हैं। अब छोटी-छोटी बातें थाने तक पहुंच जाती हैं। वो माहौल तो अब नहीं है, लेकिन होली आते ही उन टोलियों की याद जरूर आने लगती है। ये टोलियां दहन सामग्री इकट्ठी करते हुए खूब मौज-मस्ती भी करती थीं। अब गांवों में होली की दहन सामग्री के लिये चंदा इकट्ठा होने लगा है। एकत्रित किये गये चंदे से लकड़ियां लाकर होली तैयार की जाती है। आज रात्रि में होलिका दहन किया जायेगा।

### यादों के झरोखे से...

# शियाओं ने खामेनेई की 'हत्या' पर ग़म और गुस्से का इजहार किया



हाथों में खामेनेई के पोस्टर लेकर शोक एवं रोष प्रकट करते शिया समुदाय के व्यक्ति।

नांगल सोती (चिंगारी)। शिया समुदाय के व्यक्तियों ने ग्राम रसूलपुर सैद के हुसैनी चौक पर इकट्ठे होकर ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु पर शोक प्रकट किया तथा इजरायल-अमेरिका के प्रति गुस्से का इजहार किया।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी-इजरायली हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु हो गई है। उनके परिवार के कई अन्य सदस्यों की भी जान चली गई है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने खामेनेई की मृत्यु को सनक में की गई हत्या करार दिया है, जबकि शिया समुदाय द्वारा भी खामेनेई की मृत्यु की कड़ी निंदा की जा रही है। रविवार को क्षेत्र के ग्राम रसूलपुर सैद उर्फ सैदपुरी में शिया समुदाय के व्यक्तियों ने मस्जिद के सामने स्थित हुसैनी चौक पर एकत्रित होकर खामेनेई की मृत्यु पर दुख प्रकट किया। हाथों में खामेनेई के पोस्टर लेकर उन्होंने ईरान के सुप्रीम लीडर की शहादत को सलाम किया। साथ ही उन्होंने अमेरिका और इजरायल के प्रति गुस्से का इजहार करते हुए इस हमले की कड़ी निंदा भी की। मौजिज हुसैन, शबाहत हुसैन, वसी हैदर, रईस हैदर, परवेज अली, रियाज अली, शमीम हैदर, तनवीर हैदर, मिसम अब्बास, मौ. फराज जैदी, मौलाना वसी हैदर, फैजी जैदी, नायाब जैदी, तनवीर हैदर, सिराज, तथिर हैदर, कैसर रजा, जाकिर अली, शबी हैदर, अंजार हुसैन, शरवत सहित काफी व्यक्ति मौजूद रहे।

# सेंट मैरी स्कूल के वार्षिकोत्सव में हुये भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम



नहटौर (चिंगारी)। सेंट मैरी कॉन्वेंट स्कूल सीकरी बुजुर्ग का प्रथम वार्षिकोत्सव कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें छात्रों की सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति की उपस्थिति अतिथियों द्वारा जमकर सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि फादर फ्रांसिस रहे। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता पर विशेष प्रकाश डालते हुए कहा कि एक सुदृढ़ और संस्कारयुक्त शिक्षा ही बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव रखती है। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों के प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के प्रबंधक फादर जोसेफ चाको ने अपने संबोधन में शिक्षा में परिवार की भूमिका पर बल दिया। यदि अभिभावक और शिक्षक मिलकर बच्चों का मार्गदर्शन करें, तो वे निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र के आदर्श नागरिक बन सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्या ने वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में विद्यार्थियों ने रंगारंग प्रस्तुतियां दीं। देशभक्ति गीत, नृत्य, नाटक एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी दर्शकों का मन मोह लिया।

## स्कूल में मनाया होली उत्सव

नहटौर (चिंगारी)। वीके इंटरनेशनल स्कूल, नहटौर में होलिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया। छात्रों ने होली गीत तथा नृत्य के कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं। शनिवार को स्कूल में आयोजित होली उत्सव में कक्षा 10वीं की छात्रा पलक त्यागी ने होली के त्यौहार के विषय में बताया। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं, बल्कि यह प्रेम, भाईचारे और एकता का प्रतीक भी है। प्रधानाचार्या प्रेरणा चौधरी ने होली के त्यौहार का महत्व बताया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल अध्यापिका समाना नकवी, रूपम शर्मा, अंजू चौहान, रुचि चौहान, अनामिका भटनागर, पलक चौधरी, प्रियंका त्यागी, शायका शकील, सुप्रीत कुमार, दीपक कुमार शर्मा, आशु सैनी, नीरज कुमार, अमन तोमर, प्रतीक्षा राजपूत, जिया देशवाल, उपासना, अंजुल कुमार राजपूत, राकेश कुमार, विशांत शर्मा आदि का योगदान रहा।

# ब्लॉक परिसर में हुआ होली मिलन कार्यक्रम

नूरपुर (चिंगारी)। विकास खण्ड परिसर में होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ब्लॉक प्रमुख आकांक्षा चौहान ने विकास खण्ड में कार्यरत अधिकारियों, कर्मचारियों को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि होली के जीवंत रंग सफलता, आनन्द और समृद्धि लाये तथा आपसी प्रेम सौहार्द और बुराई पर अच्छाई की जीत के प्रतीक इस त्यौहार को सुरक्षित और गुलाल के साथ मिलकर मनाएं तथा सभी के जीवन में वसंत ऋतु जैसी नई खुशियां आएं। इस अवसर पर डॉ. दिनेशपाल शर्मा, खण्ड विकास अधिकारी नूरपुर तथा करूणा चौहान सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) ने विकास खण्ड में कार्यरत कर्मचारियों को होली के पवित्र त्यौहार की गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं तथा कर्मचारियों ने भी



आकांक्षा चौहान कर्मचारियों के साथ होली खेलते हुए।

एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर तथा मिठाई खिलाकर होली की शुभकामनाएं दीं। होली मिलन कार्यक्रम के अवसर पर समाजसेवी राशु चौहान, एकाउंटेंट गिरीश चन्द, बाबू इस्लाम अहमद, एडीओ सलीम अहमद, नीरज कुमार, गौरव कुमार, विपिन सैनी, विकास चौहान, जितेन्द्र कुमार, मोहित कुमार, रीतिसूदन, पप्पन कुमार, दीपक कुमार, संजीव कुमार आदि ग्राम पंचायत सचिव, अनीश कुमार, देवेन्द्र, उदयवीर, शिवम यादव, डोली चौहान, प्रशान्त कुमार, सबीहा परवीन, अलसबा उपस्थित रहे।

## स्कूल के फन जोन ने मनाया होली का पर्व

नहटौर (चिंगारी)। ऑक्सफोर्ड पब्लिक सीनियर सेकेण्डरी स्कूल के किंडर-गार्टन सेक्शन के छात्रों व शिक्षकों ने विद्यालय परिसर में नवनिर्मित फन-जोन में एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हर्षोल्लास के साथ होली मनाई। बच्चे रंग-बिरंगे कपड़े पहनकर बुलाये गए थे। इस दौरान बच्चों ने प्रेम, भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों ने इस पर्व को सादगी व अनुशासन के साथ मनाया। प्रधानाचार्य इदरीस अहमद ने सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी



# रोज़ा इफ़्तार पार्टी दी

चांदपुर (चिंगारी)। नगर के मुहल्ला शाहचन्दन में शाहनवाज कुरैशी के आवास पर हुई रोजा इफ्तार में बड़ी संख्या में लोगों ने शिरकत की। रोजा इफ्तार में शामिल होने वालों में विधायक स्वामी ओमवेश, समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष चौ. संसार सिंह, डा. लाखन सिंह पाल, चौ. ब्रह्मपाल सिंह, सपा नगर अध्यक्ष नाजिम खान, शेर आलम चांद, बहार आलम, जुल्फिकार अहमद, भूरे भाई, रूपराज सिंह चौहान, मौ. उस्मान अल्वी आदि थे।

# जिला अस्पताल के डाक्टर व स्टाफ पर बदसलूकी का आरोप

**बिजनौर (चिंगारी)। बिजनौर नगर पालिका की एक महिला सभासद ने जिला चिकित्सालय के डॉक्टरों और स्टाफ पर बदसलूकी एवं अतिरिक्त पैसे मांगने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर सभासद ने जिलाधिकारी को शिकायती-पत्र सौंपकर जांच एवं कार्रवाई की मांग की है।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहल्ला काजीपाड़ा निवासी सभासद आशो की पुत्री इफ्फ़ खुशबू पत्नी आबिद 26 फरवरी 2026 को अपनी दवाई लेने जिला चिकित्सालय पहुंची थी, वहां उनकी हालत गंभीर होने पर ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर ने उन्हें आपातकालीन वार्ड में भर्ती कर लिया। पुत्री के भर्ती होने की सूचना मिलने पर सभासद आशो अपने भतीजे सालिक के साथ रात करीब 9 बजे अस्पताल पहुंचीं।



सभासद का आरोप है कि इस दौरान डॉक्टरों द्वारा उनसे अतिरिक्त पैसों की मांग की गई। असमर्थता जताने पर उनके साथ अभद्र व्यवहार किया गया। सभासद ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने फिजिशियन डॉक्टर से मामले की शिकायत करनी चाही तो उनके साथ भी अभद्रता की गई। इतना ही नहीं, संबंधित डॉक्टर ने स्टाफ को इलाज करने से मना कर दिया और झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी भी दी। वहीं, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर बीआर त्यागी ने बताया कि उनके सामने यह प्रकरण आया है। अब होली की छुट्टी के बाद संबंधित डॉक्टर एवं स्टाफ को बुलाया जाएगा और इस संबंध में जांच कर जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।

# ख़मनेई की मौत से शिया समुदाय में ग़म और गुस्से की लहर

किरतपुर ( चिंगारी )। ईरान के सुप्रीम लीडर सैय्यद अयातुल्लाह अली खमनेई की अमेरिका-इज़राइल हमले में हुई मौत की खबर के बाद शिया समुदाय में गहरा शोक व रोष व्याप्त है। इस घटना से शिया बाहुल्य क्षेत्रों में मातम का माहौल देखा गया। कल ग्राम मेमन सादात में जामा मस्जिद के सामने स्थित छत्ते वाले इमामबाड़ा मैदान में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में बड़ी संख्या

## मेमन सादात में सात दिन तक मनाया जायेगा शोक



में पुरुषों, महिलाओं और बच्चों ने उपस्थित होकर गमगीन माहौल में खिराज-ए-अकीदत पेश की। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि शहादत इस्लाम की परंपरा रही है। रियाज जैदी ने कहा कि एक शख्स की शहादत के बाद दूसरा आगे आता है और यह सिलसिला चलता रहता है। उन्होंने इमाम अली की शहादत का उल्लेख करते हुए कहा कि रमजान के महीने में उन्हें भी जालिमों ने शहीद किया था। साथ ही इमाम हुसैन द्वारा यज़ीद इब्न मुआविया के सामने बैअत न करने और कुर्बानी देकर इस्लाम को बचाने की मिसाल पेश किया। वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और इज़राइल के आगे झुकने के बजाय अयातुल्लाह खमनेई ने अपने सिद्धांतों पर अडिग रहते हुए शहादत दी। सभा में यह भी घोषणा की गई कि गांव में सात दिन तक शोक मनाया जाएगा। कार्यक्रम में मौलाना सैयद शेर अली, इसरार जैदी, साबिर राजा, खुर्शीद असरी, गुलाम अब्बास, अशद अब्बास, सिकंदर रजा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस चौकी प्रभारी अपनी टीम के साथ तैनात रहे। इसके अलावा क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा में भी शिया संप्रदाय के लोगों ने ईरान के धर्मगुरु आयातुल्लाह अली खामनेई की कथित निर्मम हत्या के विरोध में एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इमामबाड़ा भनेड़ा में आयोजित सभा के बाद समुदाय के लोगों ने नई दिल्ली स्थित प्रधानमंत्री, भारत सरकार को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी नजीबाबाद को सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से प्रधानमंत्री से मांग की गई कि भविष्य में ईरान के धर्मगुरु और वहां के नागरिकों के समर्थन में उचित कदम उठाए जाएं। ज्ञापन में इज़राइल की कार्रवाई की कड़ी निंदा करते हुए इसे अमानवीय बताया गया तथा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर शांति बहाल करने की अपील की गई। ज्ञापन देने वालों में दय्यान अब्बास, शबलू अब्बास , गुलाम अब्बास एडवोकेट और शिया समुदाय के अनेक सदस्य उपस्थित रहे।



## चारा काटने की मशीन में साड़ी फंसने से महिला की मौत, गांव में शोक

किरतपुर ( चिंगारी )। निकटवर्ती गांव नौरंगपुर में कल चारा काटने की मशीन में साड़ी फंस जाने से सीमा ( 56 ) पत्नी योगेंद्र की मौत हो गई। सीमा कल करीब दो बजे अपने घर पर मशीन से चारा काट रहीं थीं। इसी दौरान अचानक उनकी साड़ी मशीन के पट्टे में फंस गई। देखते ही देखते वह मशीन की चपेट में आ गईं और सिर में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ीं। परिजनों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां से हालत गंभीर देखते हुए बिजनौर के एक निजी अस्पताल रैफर कर दिया गया। निजी अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उन्हें हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया। परिजन महिला को एम्स ऋषिकेश ले गए पहुंचते ही उसकी मृत्यु हो गई। घटना मिलते से गांव में शोक की लहर दौड़ गई।




सभी क्षेत्रवासियों को **मुकद्दस रमज़ान** की **दिली मुबारकबाद**

**शहज़ाद अहमद**

**जिला महासचिव बिजनौर**
( आजाद समाज पार्टी कां. )
**पूर्व चेयरमैन,** झालू न.प. ( बिजनौर )
**सम्भावित प्रत्याशी** 22-विधानसभा, बिजनौर

**बारहवां रोजा : सोमवार 02 मार्च**
इफ्तार सुन्नी 6:20, शिया 6:31
**तेरहवां रोज़ा : मंगलवार, 03 मार्च**
सहरी- सुन्नी 5:16 शिया 5:09



शहजाद अहमद


## होमगार्ड को ससम्मान विदाई दी



चांदपुर ( चिंगारी )। महिला थाना परिसर स्थित होमगार्ड कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कंपनी नंबर 03 के होमगार्ड परवीन सिंह को सेवानिवृत्त होने पर ससम्मान विदाई दी गई। होमगार्ड विभाग से 41 वर्ष की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए परवीन सिंह ने सभी साथियों का आभार जताया। इस मौके पर चांदपुर कोतवाली ड्यूटी मुंशी सचिन कुमार, हेड कांस्टेबल छत्रपाल सिंह, राहुल शर्मा, होमगार्ड धर्मेंद्र सिंह, मुस्तकीम अहमद, गौरव कश्यप, प्रदीप कुमार, शोभाराम आदि ने परवीन सिंह की दीर्घायु की कामना की।

## महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित किया होली मिलन कार्यक्रम

बिजनौर ( चिंगारी )। क्षत्रिय राजपूत सभा समिति बिजनौर द्वारा महाराणा प्रताप चौक वाटिका पर होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी ने एक दूसरे को गले मिलकर तथा रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अध्यक्ष महेंद्र सिंह, वीरेश बल एडवोकेट, दिनेश चौहान, सुभाष चौहान, देवेंद्र पाल सिंह ( सचिव ) एडवोकेट, राजवीर सिंह, खूब सिंह, मनोज चौहान, सुनील राजपूत, ब्रजवीर सिंह, राजेन्द्र सोलंकी, सचिन राजपूत, गौरव चौहान, डॉ गीत आदि क्षत्रिय बंधु उपस्थित रहे।



## रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में किया प्रतिभा खोज एवं छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन

नूरपुर ( चिंगारी )। रविवार को क्षेत्र के गांव आजमपुर स्थित रामनाथ इंटरनेशनल स्कूल में प्रतिभा खोज एवं छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा का उद्देश्य विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास को प्रोत्साहन देना है।परीक्षा में जनपद के लगभग 30 विद्यालयों के कक्षा 1 से 9 तक के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा छात्रवृत्ति हेतु अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागी बच्चों को उनके उत्साहवर्धन के लिए सराहना प्रमाण पत्र (अप्रिशिएशन सर्टिफिकेट) एवं उपहार प्रदान किए गए। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने वाले लकी ड्रा में बच्चों को अनेक आकर्षक पुरस्कार दिये गये। विद्यालय में उपलब्ध अत्याधुनिक सुविधाओं एवं अनुशासित वातावरण को देखकर उपस्थित अभिभावकों एवं छात्रों ने गहरी संतुष्टि व्यक्त की इस भव्य आयोजन में विद्यालय के मुख्य संरक्षक श्री जी.एन. शर्मा, प्रबंध निदेशक श्री राजीव शर्मा, श्री रचित शर्मा सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं छात्र उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन के उपरांत विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री मोहित सिरोही ने सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कार्यक्रम की सफलता का श्रेय सभी शिक्षकों, कर्मचारियों एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।



आज का विचार

## इमाम ने कहा हिंदू बहनें मस्जिद में आकर मनाएं पोंगला



–हिंदुस्तानी

पलायम, केरल। हमारे देश की एकता भाईचारा और मुहब्बत के साथ मिलजुलकर एक दूसरे के त्यौहार मनाने की सर्वधर्म समभाव की साझा संस्कृति हमारे पर्वों की खूबसूरती और भी बढ़ाती रही है। ताज़ा मामला केरल के पलायम इलाके का है, जहां एक बड़ी मस्जिद के इमाम ने रमज़ान का पवित्र महीना चलने के बावजूद हिंदू धर्म के पोंगल त्यौहार मनाने वाले श्रद्धालु लोगों के लिए मस्जिद के दरवाज़े खोलकर हिंदू मुस्लिम एकता की शानदार मिसाल पेश कर दी। इससे पहले उत्तराखंड के सिखों ने एक बार जुमे और ईद की नमाज़ के दौरान तेज़ बारिश होने पर गुरुद्वारे के दरवाज़े मुस्लिम भाइयों के लिए खोलकर नायाब मिसाल पेश की थी। इस बार भी रमजान के पवित्र महीने के दौरान केरल में पोंगला मनाया जा रहा है। हमें खुशी, बंधुत्व और प्रेम की भावना को साझा करना चाहिए जो रमजान को हमारी बहनों और उनके बच्चों के साथ परिभाषित करता है जो पोंगला के लिए यहां आते हैं, पलायम इमाम वी पी सुहैब मौलावी ने अपने वायरल भाषण में कहा। यह सरल लेकिन गहरा इशारा केरल की आत्मा को दर्शाता है – जहां करुणा सीमाओं को पार करती है, और विविधता में एकता खिलती है। यह असली केरल की कहानी है – एक ऐसी भूमि जहां आस्था मिलती है, दयालुता बहती है, और मानवता किसी भी परंपरा से उज्ज्वल चमकती है। संयोग की बात यह है कि केरल में हिंदू मुसलमान और ईसाई आबादी लगभग बराबर बराबर है और सभी आपसी प्रेम से रहते आए हैं।





# धैर्य की पराकाष्ठा सीखनी है तो संजू सैमसन से सीखें

क्रिकेट डायरी



–सत्यराज

क्रिकेट के टी 20 वर्ल्ड कप के लिए कल खेले गए एक करो या मरो की स्थिति में खेले गए मैच में क्रिकेट प्लेयर संजू सैमसन की 50 गेंद की 97 रनों की परी ने दिखा दिया है कि अंततः धैर्य की ही जीत होती है । आज क्रिकेट प्रेमियों और खिलाड़ियों के बीच देश क्या, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी आज क्रिकेटर संजू सैमसन की ही चर्चा हो रही है। वर्ष 2015 में संजू सैमसन को भारतीय टीम में स्थान मिला था। 11 वर्ष के अपने क्रिकेट करियर में संजू सैमसन की भारतीय टीम में अंदर बाहर होने की प्रक्रिया रही। टी 20 में तीन शतक लगाने वाले इस अद्भुत ओपनर खिलाड़ी को 50 बार टीम में लिया गया तो 100 बार इसे बाहर बेंच पर बैठकर मैच देखना पड़े, जबकि कल वेस्टइंडीज के साथ हुए मैच में एक अकेले संजू सैमसन की बैटिंग पर ही भारतीय टीम वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंची है। देखने लायक बात यह है कि इतनी बार टीम से बाहर किए गए किसी भी खिलाड़ी का मनोबल टूट सकता है, लेकिन यहां संजू सैमसन के धैर्य की पराकाष्ठा का जिक्र करना जरूरी है। संजू के धैर्य ने ही आज उसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक विशिष्ट खिलाड़ी बना दिया है।



संजू सैमसन क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए विशेषकर नवोदित खिलाड़ियों के लिए एक उदाहरण की तरह याद किया जाएगा। यदि आपको अपनी प्रतिभा पर विश्वास है तो आपको धैर्य रखना पड़ेगा और समय-समय पर उसे प्रदर्शित करने के प्रयत्न करने पड़ेंगे। एक दिन संजू की तरह आपको भी सफलता मिल सकती है।

## संजू सैमसन का संक्षिप्त परिचय

**वर्ष 1994 में केरल में जन्मे संजू सैमसन के पिता विश्वनाथ सैमसन दिल्ली पुलिस में कांस्टेबल रहे। संजू ने दिल्ली की क्रिकेट अकादमी से अपना खेल का जीवन प्रारंभ किया और अंडर-19, अंडर 16, अंडर 19 में भी अपनी प्रतिभा को निखारने में लगे रहे। संजू सैमसन आईपीएल के भी बहुत बड़े खिलाड़ी हैं। इसके अलावा वर्ष 2015 में उन्हें भारतीय टीम में लिया गया, जहां पर वह विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में निरंतर ध्यान आकर्षित करते रहे हैं।**

## ट्रंप ने अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की खाई कसम, संघर्ष तेज

**वाशिंगटन/नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को चेतावनी दी कि ईरान पर सैन्य हमले तब तक जारी रहेंगे जब तक वाशिंगटन के सभी लक्ष्य हासिल नहीं हो जाते। उन्होंने तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत का बदला लेने की कसम खाई। ट्रंप की ये टिप्पणी ईरान द्वारा संयुक्त अरब अमीरात और अन्य खाड़ी देशों, जहां अमेरिकी सैन्य अड्डे हैं, को निशाना बनाकर मिसाइल और ड्रोन हमले करने के बाद शत्रुता में तीव्र वृद्धि के बीच आई है। ईरानी कार्रवाई को अमेरिका और इज़रायल द्वारा पहले किए गए संयुक्त हमलों का प्रतिशोध बताया गया है।

अमेरिकी सेना ने कहा है कि उसने इज़रायल के साथ मिलकर किए गए एक बड़े समन्वित हमले के बाद पिछले 24 घंटों में ईरान के अंदर 1,000 से अधिक ठिकानों पर हमले किए हैं। अमेरिकी अधिकारियों के अनुसार, संयुक्त हमलों में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई और लगभग 40 वरिष्ठ राजनीतिक और सैन्य अधिकारी मारे गए, जिससे ईरान के नेतृत्व ढांचे को निर्णायक झटका लगा है।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA) आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।




एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम अब धामपुर में खुलने जा रहा है

आवश्यकता है–

मैनेजर, सेल्समैन, मैकेनिक

मो. 9119766026

एथर इलेक्ट्रिक असली इलेक्ट्रिक

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor 246701 Ph- 9240083911

# सनातन धर्म विश्व को शान्ति, सद्भाव व मानवता का मार्ग दिखाता है : दयाराम दास

## लक्ष्मीनारायण घाट पर भव्य हिन्दू सम्मेलन का आयोजन



**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** स्वर्गाश्रम स्थित लक्ष्मीनारायण घाट पर हिंदू सम्मेलन में सनातन धर्म, हिंदू एकता एवं सांस्कृतिक जागरण का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भजन गायक विजेंद्र वर्मा एवं उनके साथियों द्वारा भजन से हुई। सम्मेलन के मुख्य वक्ता महामंडलेश्वर दयाराम दास महाराज ने अपने उद्बोधन में कहा कि सनातन धर्म विश्व को शांति, सद्भाव और मानवता का मार्ग दिखाता है। उन्होंने हिंदू समाज से संगठित होकर धर्म एवं संस्कृति की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय ग्राम विकास संयोजक देवेन्द्र जी ने संगठन की सेवा गतिविधियों और सामाजिक समरसता के महत्व पर प्रकाश डाला। सहकार भारती उत्तराखंड की प्रदेश मंत्री एवं राष्ट्र कार्यकारिणी सदस्य अवंतिका भंडारी ने समाज सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता में सहकारिता की भूमिका पर अपने विचार रखे। गौरी शंकर दास महाराज एवं विश्व योग गुरु विष्णु पाणिग्रही जी ने अपने आशीर्वचनों में सनातन धर्म की महान परंपराओं, योग और आध्यात्मिक साधना के महत्व को रेखांकित करते हुए हिंदू एकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में यमकेश्वर की विधायक रेनू बिष्ट, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक नितिन, मंडल अध्यक्ष त्रिवेंद्र नेगी, गोपाल अग्रवाल, जीतू अवस्थी, सुरुचि अवस्थी, नवनीत राजपूत, संत ओम आनंद, संत सर्वात्मानंद, नामदेव, संजीव वर्मा, अरविंद नेगी, परवेश तड़ियाल, विनीता नौटियाल सहित नागरिक धर्मप्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक अश्विनी गुप्ता द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा पाठ किया गया। अंत में समस्त जनसमुदाय ने फूलों की होली खेलकर हिन्दू एकता व सांस्कृतिक संरक्षण का संकल्प लिया।

## बेरोजगार महिलाएं सीखेंगी ई-रिक्शाओं को चलाना

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अमर शहीद स्मृति विकलांग एवं नेत्रहीन संस्थान की ओर से 10 से 15 मार्च तक बेरोजगार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उन्हें ई-रिक्शा चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। वहीं 15 मार्च से 25 मार्च तक ब्रेल लिपि के माध्यम से दृष्टिहीनों को पढ़ाने के लिए कार्यक्रम चलाया जाएगा। संस्था अध्यक्ष व पूर्व सैनिक भोपाल सिंह रावत ने बताया कि इसके साथ ही दिव्यांग होने पर भी दिव्यांग प्रमाणपत्र से वंचित लोगों के प्रमाणपत्र बनवाने एवं किन्हीं कारणवश दिव्यांग पेंशन बंद होने की समस्या के निराकरण के लिए प्रशासनिक अधिकारियों से भी संपर्क किया जाएगा।



## कोटद्वार से फरार, बिजनौर से गिरफ्तार

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** चोरी के एक मामले में तीन हज़ार के इनामी वांछित आरोपी सोनू शर्मा निवासी कटघर मुरादाबाद को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस उपाधीक्षक निहारिका सेमवाल ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सर्वेश पंवार के निर्देश पर जनपद में वांछित एवं इनामी अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि कोटद्वार कोतवाली में पंजीकृत चोरी के एक मामले में लम्बे समय से फरार चल रहे सराय डबल फाटक, कटघर मुरादाबाद निवासी सोनू शर्मा पुत्र रोहताश शर्मा को रविवार को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस टीम में उपनिरीक्षक विनोद कुमार चपराणा, सुशील चौधरी, हैंड कांस्टेबल करण यादव शामिल थे।

## विज्ञान दिवस पर क्रेडल पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन



**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत निंबूचौड़ स्थित क्रेडल पब्लिक स्कूल प्रांगण में विज्ञान दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं द्वारा वार्षिक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विज्ञान, पर्यावरण, गणित, अंग्रेजी, हिंदी, शिल्प कला और रोबोटिक्स जैसे विषयों पर शानदार मॉडल प्रस्तुत किये। प्रदर्शनी का उद्घाटन मुख्य अतिथि अजयपाल सिंह रावत, विशिष्ट अतिथि सुनीता कोटनाला, विद्यालय प्रबंधक रेणुका गुसाईं और बलबीर सिंह गुसाईं द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। मौके पर अतिथियों ने छात्रों की क्रियाशीलता की सराहना की और उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन करने सहित नशीले पदार्थों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। वहीं उत्तराखंड की लोक संस्कृति और पारम्परिक विरासतों को दर्शाते हुए विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई। प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानाचार्य लता बिष्ट, राजीव गुसाईं, गणेश ध्यानी एवं के के कुकरेती सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ और अभिभावक उपस्थित रहे।

## आईएचएमएस में हुआ योग कार्यशाला का आयोजन

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** नगर निगम के अंतर्गत बलभद्रपुर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ हॉस्पीटेलिटी, मैनेजमेंट एंड साइंसेज संस्थान के मैनेजमेंट विभाग की ओर से योग कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने योग के माध्यम से निरोग रहने के गुर सीखे।

कॉलेज प्रांगण में आयोजित योग कार्यशाला में बतौर मुख्य योग प्रशिक्षक भारत स्वाभिमान न्यास उत्तराखंड के राज्य कार्यकारिणी सदस्य अमित सजवाण के मार्ग दर्शन में छात्रों ने शरीर को चुस्त दुरुस्त रखने, स्मरण शक्ति तथा मानसिक विकास से संबंधित योग किये। साथ ही न्यास के युवा प्रभारी जितेंद्र काला और महिला पतंजलि की प्रतिनिधि सरिता रावत ने छात्र-छात्राओं को प्राणायाम, कपाल भाती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी सहित शरीर को स्वस्थ रखने के लिए अनेक योगों का अभ्यास कराया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान की भाग दौड़ भरी जिंदगी में लोगों के पास अपने स्वास्थ्य के लिए समय नहीं है। अनियमित खानपान, जंक फूड बच्चों के स्वास्थ्य पर बुरा असर डालते हैं। अगर बच्चे अपनी दिनचर्या में से कुछ समय नियमित योग, प्रणायाम करें तो वे एक निरोगी जीवन जी सकते हैं। उन्होंने बच्चों से रोजना कुछ समय योग को देने और भोजन में मौसमी फल और सलाद का अधिक उपयोग करने की अपील की। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक प्रबंधन ले. कर्नल बीएस गुसाईं, कार्यक्रम संयोजक मैनेजमेंट विभागाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह जगवान, अनुराग सेमवाल और वीरेंद्र आर्य सहित संस्थान के सभी प्राध्यापक और कर्मचारी मौजूद रहे।

## होली का त्यौहार दिलों को जोड़ने का माध्यम : रसिक महाराज



### गौहरी माफी में होली मिलन समारोह आयोजित

**ऋषिकेश ( चिंगारी )।** होली के अवसर पर गौहरीमाफी रायवाला में आयोजित होली मिलन समारोह सामाजिक सौहार्द और भाईचारे का उदाहरण बनकर सामने आया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि नृसिंह पीठाधीश्वर स्वामी रसिक महाराज की उपस्थिति रही। स्वामी रसिक महाराज ने कहा कि होली का पर्व समाज को जोड़ने का माध्यम है। यह केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि दिलों को मिलाने और आपसी मतभेद भुलाने का अवसर है। उन्होंने सभी समुदायों से प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. प्रेमचन्द अग्रवाल ने कहा कि उत्तराखंड की संस्कृति सदैव एकता और भाईचारे की रही है, और ऐसे आयोजन समाज को मजबूत बनाने का कार्य करते हैं। उन्होंने आयोजकों की सराहना करते हुए इसे क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक पहल बताया अध्यक्षता ग्राम प्रधान श्रीमती ज्योति सेमवाल एवं भाजपा नेता देवेन्द्र सेमवाल ने की। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि होली प्रेम और सकारात्मक सोच का प्रतीक है, जो समाज को नई दिशा देता है। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों का माल्यार्पण कर सम्मान किया गया तथा सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और होली गीतों ने माहौल को उत्सवमय बना दिया। सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामूहिक जलपान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने आयोजन को भव्य और सफल बना दिया।

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# दो बाइक सवार नकाबपोश पेट्रोल पंप के सेल्समैन से रुपए छीनकर फरार

## तेल डलवाने के बहाने आए थे बदमाश

कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। पेट्रोल पंप पर बाइक द्वारा आए दो नकाबपोश बदमाश पेट्रोल डलवाने के बाद सेल्समैन से रुपए छीनकर फरार हो गए। पेट्रोल पंप स्वामी ने घटना के संबंध में पुलिस को सूचना दे दी है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल व घटना के खुलासे में लग गई है। जसपुर मार्ग पर भूतपुरी-सुआवाला के बीच स्थित फिलिंग स्टेशन (पैट्रोल पम्प) का है, जहां शनिवार/रविवार की मध्यरात्रि लगभग 10 बजे बाइक में पैट्रोल डलवाने के लिए दो नकाबपोश युवक आए जिन्होंने पैट्रोल पम्प पर उस समय मौजूद आकाश नामक सेल्समैन से बाइक में 30 रूपये का पैट्रोल डलवाया और सेल्समैन को 50 रूपये का नोट दिया। सेल्समैन ने 20 रुपए वापस देने के लिए अपनी जेब से जैसे ही पैट्रोल की बिक्री के रुपयों की गड्डी बाहर निकाली तभी बाइक सवार एक युवक ने झपट्टा मारते हुए रुपए छीन लिए और बाइक सहित फरार हो गए। पैट्रोल पम्प स्वामी हेमराज सिंह ने अफजलगढ़ पुलिस को सूचना देकर आवश्यक कार्यवाही की मांग की। थानाध्यक्ष अफ़ज़लगढ़ विजेंद्र सिंह राठी ने बताया कि शीघ्र ही मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।

## होली के त्यौहार पर रंगो से सजी दुकानें, जमकर रंगो की खरीददारी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। होली के त्यौहार के मौके पर नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में सजी रंगों की दुकानों से लोगों ने जमकर रंगों की खरीदारी की। होली जिसे रंगों का त्योहार कहते है, इस त्यौहार पर लोग एक दूसरे के रंग लगाकर गिले शिकवे भी दूर करते है। मंडावली में आस पास क्षेत्र के गांव के लोगों ने मुख्य बाजार में पहुंचकर रंग बिरंगे रंगों से सजी दुकानों पर खरीदारी करते हुए सुगंधित रंग व गुलाल खरीदा। बच्चो ने अलग अलग डिजाइन में पिचकारी खरीदी। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों के बाजारों में होली की रौनक दिखाई दी। दुकानों पर सुंदर डिजाइन में पिचकारी आकर्षण का केंद्र रही। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम के साथ गश्त किया।

## अरहम को रोजा रखने पर दुआओं से नवाजा

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ सपा नेता मुनव्वर अली के नवासे अरहम अहद ने रमजान माह में कल जिंदगी का पहला रोजा रखा। इतनी कम आयु में रोजा रखने पर अरहम को मस्जिद हकीमान के इमाम, अनीस मालदार, सभासद सरफराज मुल्तानी, रोहान अली, ताबिश एडवोकेट, फहीम आदि ने दुआओं से नवाजा।



## चालक को नींद की झपकी आने से कार नहर में गिरी

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। मंडावली क्षेत्र के अन्तर्गत समीपुर नहर से कोटद्वार से देहरादून जा रही एक कार नहर पर पलट गई। कार में बैठे दो युवक सही-सलामत बच गए। समीपुर नहर पटरी पर कोटद्वार से देहरादून जाने वाले मार्ग से चालक मनमोहन नेगी (50वर्ष) पुत्र मनहर सिंह निवासी घुमाकुट जिला पौड़ी गढ़वाल एवं रविन्द्र सिंह (52वर्ष) पुत्र ज्ञान सिंह कार ब्रेजा से जा रहे थे, तभी चंदक हेड के पास चालक मनमोहन सिंह को नींद की झपकी आने के कारण कार सड़क से नहर की तरफ पलट गई, पेड़ों में फंसने से रुक गई। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार, एसआई संजय कुमार, एसआई देवपाल सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कार में सवार दोनों युवकों को कार के अंदर से सकुशल निकाला। कार को नहर से जेसीबी द्वारा निकाला गया। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि कार सवार दोनों व्यक्तियों को कोई चोट नहीं आई है।


आवश्यकता है
जे.पी. ऑटोमोबाइल्स
(हीरो मोटो कॉर्प शोरूम)
हल्दौर को सर्विस सुपरवाइजर की आवश्यकता है। हीरो की सभी गाड़ियों पर फाइनेंस की सुविधा न्यूनतम ब्याज दर पर उपलब्ध है।
सम्पर्क करें- मो. 9359796698, 9528850309, 9634549679

Kajaria Exculsive Showroom
बिल्डर्स व थोक खरीदारों को विशेष छूट
Tiles & Sanitaryware का Exclusive Showroom
DR. FIXIT WATERPROOFING EXPERT
SEELAN BLOCK सीलन ब्लॉक
TILE O GRIP
8445517265
8791919960
सेंट जौसफ स्कूल के सामने तीमरपुर, रावली रोड, बिजनौर

खुल गया! खुल गया!
श्री लाइट
सजावटी फैंसी लाइटें, लक्जरी झूमर, फैंसी वॉल लाइट्स, कोव लाइट, लाइट्स, लैम्प आदि की बेशुमार वैरायटियां उपलब्ध हैं।
पंखे ही पंखे कूलर ही कूलर
बढ़िया क्वालिटी बेहतरीन रेट
Fybros Fans,
Havells Fans
Orient Fans
सिंघल इलेक्ट्रीक एजेन्सीज
नई बस्ती, निकट गुरुद्वारा, बिजनौर
मो. 9897024836, 8800092476

बिजनौर जनपद में
एक मात्र CEAT TYRE STOP
कोई भी रोड, कोई भी लोड
ट्रैक्टर, कार, मोटर साईकिल, स्कूटर
लेटेस्ट मशीन द्वारा एक्यूरेसी
कार के लिये अलाईनमेन्ट, बैलेंसिंग
टायर फिटिंग एवं नाइट्रोजन







ON-THE-SPOT CLAIM RESOLUTION
UNCONDITIONAL WARRANTY *
COMPUTERISED TYRE SERVICE
Authorised Dealer : CEAT Ltd.
KHANNA MOTORS & DIESEL ENGINEERING WORKS
*नियम व शर्तें लागू
नगीना रोड, ऐश्वर्य होटल के सामने जी.के. मार्केट, बिजनौर
मो. 9149075426, 9760110452 फोन. 01342-263312

किराये हेतु एक हॉल लगभग 1600 वर्ग फीट
निकट इंडियन बैंक किरतपुर रोड, बिजनौर
800 वर्ग फीट का एक हॉल नगीना रोड, बिजनौर

भारत की दो बहादुर बेटियाँ "विंग कमांडर व्योमिका सिंह" और "कर्नल सोफिया कुरैशी"
के सम्मान में बिजनौर पब्लिक स्कूल जुलाई 2025 से
बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु पेश करता है अपनी योजना





"सिंदूरी"
योजना की प्रमुख विशेषताऐं:-
★ यह योजना कक्षा- 2 तक की सभी छात्राओं के लिए उपलब्ध होगी।
★ विद्यालय कक्षा- 2 तक की सभी छात्रोओं को मासिक ट्यूशन फीस में 10 प्रतिशत छूट देगा।
★ लड़कियों के लिए निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण।
★ नर्सरी से यू.के.जी. की छात्रों को मुफ्त पुस्तके एवं कॉपियाँ दी जाएगी।
हमारी विशेषताऐं:-
1. उच्च योग्य और अनुभवी शिक्षकों द्वारा परिणामोन्मुखी शिक्षण।
2. स्मार्ट कक्षाऐं जो छात्रों के लिए सीखने का आनन्ददायक अनुभव है।
3. सभी विषयों की पूर्ण सुसज्जित प्रयोगशालाऐं उपलब्ध।
4. सभी मार्गों के लिए बस सुविधा उपलब्ध।
5. सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए खूबसूरत वातानुकूलित आडिटोरियम।
6. बड़े खेल मैदान में सभी खेलों की सुविधा।
हमारे अचीवर्स
Neal Rajput (M.B.B.S) Pranab Rajput (M.B.B.S) Roopali (M.B.B.S) Vanshika Singh (IIT) Avantika Rana (M.B.B.S) Avantika Malik (M.B.B.S)
BIJNOR PUBLIC SCHOOL
A Co-educational Senior Secondary School.
Najibabad Road, Bijnor (U.P.) 246701 9837205062, 8006677928